# सिंदरी में फल व सब्जियों की दुकानें खुलीं, खाद्यान्न बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



वीरान पड़ी दुकानें।

**सिंदरी।** झारखंड सरकार के द्वारा जारी 2 प्रतिशत अतिरिक्त मंडी टैक्स के खिलाफ पूरे झारखंड में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा घोषित 15 फरवरी से रिटेल व होलसेल खाद्यान्न, फल व सब्जी विक्रेताओं का अनिश्चितकालीन बंद का आव्हान किया गया था। इसको लेकर धनबाद जिला चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा जारी निर्देश के अनुसार कुछ व्यवसायियों ने सिन्दरी में भी दुकानें बंद रखीं। हालांकि कई फल व सब्जी विक्रेताओं के दुकानें प्रतिदिन की तरह खुले रहे।

इस संबंध में सिन्दरी चेम्बर ऑफ कामर्स सचिव दीपक कुमार दीपू ने बताया कि अतिरिक्त टैक्स से व्यापारियों सहित उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस काले कानून से अफसरशाही के साथ महँगाई भी बढ़ेगी। अन्य राज्यों में इस तरह का कानून नहीं है। झारखंड की सरकार निजी स्वार्थ के लिए काला कानून थोपकर व्यापारियों व उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। इसका व्यापारी पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

इस मौके पर अमित किराना, दीपचंद अग्रवाल, धीरज सिंह, बालकिशन अग्रवाल, जितेंद्र साहू, कृष्णा साहू, जयचंद शर्मा, राजू गोयल, प्रमोद कारीवाल, जितेंद्र शाह, संजय शाह, जोहरीमल धर्मचंद, शिवनारायण, कुणाल, दीपक, हीरा, भोला शाह, उमाशंकर साव, दिलीप, पवन शर्मा सहित अन्य चेम्बर सदस्य मौजूद रहे।

## व्यवसायियों ने कहा कृषि टैक्स से मंहगाई और बढ़ेगी

**चिरकुंडा।** रोजमर्रा की आम उपभोग की वस्तुओं पर 2 प्रतिशत कृषि टैक्स लगाए जाने के विरोध में बुधवार को चिरकुंडा के व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दूकाने बंद रखी। व्यवसायियों ने बताया कि कृषि टैक्स लगाए जाने से मंहगाई और बढ़ेगी जो आम लोगों पर भारी बोझ होगा। यह विधेयक कृषक, आम उपभोक्ता, कृषि उपज आधारित उद्योग एवं व्यवसाय हित में नही है। शुल्क प्रभावी किए जाने से राज्य में इंस्पेक्टर राज व भयादोहन बढ़ेगा। विरोध में महेन्द्र अग्रवाल, शिव शंकर बर्णवाल, मनोज अग्रवाल, शंकर साव,पंकज साव, अग्रवाल, नंदलाल अग्रवाल, अर्जुन साव,निरंजन गोराई, प्रेम अग्रवाल सहित दर्जनो व्यवसाईयों ने दूकाने बंद रखी।

## बाघमारा के कई थानों में महाशिवरात्रि की तैयारी जोरशोर से



बाघमारा। महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर एवं भोले बाबा की बरात को भव्य रुप प्रदान करने के लिए बाघमारा अनुमंडल के कई थानों में तैयारी जोर शोर से चल रही है। बताते चलें कि बाघमारा अनुमंडल थाना क्षेत्र के कतरास थाना, तेतुलमारी थाना, बरोरा थाना, बाघमारा थाना, राजगंज थाना महुदा थाना एवं तोपचांची थाना में मंदिर में रंग रोगन के बाद कारीगर मंदिर को लाइटिंग से सजाने में लग गए हैं। विधि विधान से पूजन के बाद कई थानों में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। थाना प्रभारी के अलावा पूजा कमेटी के लोग सुबह से लेकर शाम तक महाशिवरात्रि की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## सिंदरी में बंद घर से हुई एक लाख की चोरी

**सिन्दरी।** सिन्दरी में चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग रहा है। इसी कड़ी में सिन्दरी थाना क्षेत्र के मनोहरटाँड़ एमकेफोर 203 निवासी अजय कुमार दास के बंद आवास में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने नकदी व सोने के आभूषण सहित लगभग एक लाख रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के संबंध में भुक्तभोगी भारतीय जीवन बीमा एजेंट अजय ने बताया कि वह अपने पैतृक निवास बिहार के गया गए हुए थे। बुधवार की सुबह अपने घर लौटने पर पाया कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अंदर प्रवेश करने के बाद पता चला कि आलमारी का लॉकर का ताला तोड़कर सोने के मंगलसूत्र, मंगटीका, कानबाली व पंद्रह हजार रुपए नकदी समेत लगभग एक लाख रुपए की चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि सिन्दरी थाना को सूचना दे दी गई है। स्थानीय पुलिस ने उक्त आवास पहुँचकर भुक्तभोगी से घटना की जानकारी ली। सिन्दरी थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि चोरी का मामला संज्ञान में है। लिखित शिकायत आने पर केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## सरकार के काले कानून के खिलाफ जामाडोबा चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया विरोध प्रदर्शन



**जोड़ापोखर।** सरकार का काला कानून के खिलाफ पूरे झारखंड के खाद्यान,फल एवं सब्जी विक्रेता, रिटेल, होल सेल व्यापारी मिलकर बंद का आवाहन किया। जामाडोबा चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भी खाद्यान,फल एवं सब्जी विक्रेता, रिटेल एव होलसेल व्यापारी मिलकर बुधवार को जामाडोबा में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया बुधवार से अनिश्चितकालीन बंद करने का आह्वान किया वही जामाडोबा चेंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष राजेश्वर कुमार गुप्ता का कहना है की सरकार के काला कानून जिसमें मंडी टैक्स के रूप में 2 % लगाया जाएगा जिससे सभी व्यापारियों का नुकसान है एवं उपभोक्ताओं का भी नुकसान है, इस काला कानून से अफसर शाही बढ़ेगी और भी महंगाई बढ़ेगी वर्तमान की सरकार द्वारा व्यापारियों को दमन करने वाला कानून लागू किया जा रहा है अन्य किसी भी राज्य में इस तरह का कानून नहीं लगाया गया है जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश एक टैक्स की पॉलिसी का प्रचार किया है वही झारखंड सरकार अपने निजी स्वार्थ के लिए इस तरह का काला कानून व्यापारियों पर थोपना चाहती है जिसका व्यापारीयो ने पुरजोर विरोध किया विरोध करने वाले में कन्हैया लाल वर्मा व अन्य शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### दीक्षा महिला मंडल ने किया पौधारोपण



**निचितपुर।** बुधवार को तेतुलमारी में बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र दीक्षा महिला मंडल के अंतर्गत संचालित प्रज्वला महिला समिति द्वारा दर्जनाधिक फलदार वृक्षारोपण किया गया। जिसके पश्चात गरीब असहाय लोगों के बीच सुखा राशन सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर दिक्षा महिला के अध्यक्षा काकोली रॉय, सिमा जसवाल, अपर्णा दस, अपरगा चौधरी,अनीता कुमारी, संगीता धुर्व, बेनोश्री नंदा, राजेश रंजन, आर दरजी, अनंत विजय कुमार, शिव दशौधी, कामुक प्रसाद राय, सुशीला कुमारी, मंजू कुमारी राम बहादुर डोंरजी,आदि लोग मौजूद थे।

### प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों ने ठप की ट्रांसपोर्टिंग

**बाघमारा।** प्रदूषण से परेशान व पानी छिड़काव की मांग को लेकर ब्लॉक दो क्षेत्र अंतर्गत केसरगढ़ के ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग कंपनी संजय उद्योग के कैम्प के समक्ष घंटों ट्रांसपोर्टिंग ठप रखी ।
ग्रामीणों का कहना था कि कंपनी नियमों को ताक पर रखकर ट्रांसपोर्टिंग कर रही है। आसपास रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया हैं। ग्रामीण भारी प्रदूषण से परेशान हैं। प्रदूषण के कारण विभिन्न बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। मालूम हो कि ब्लॉक दो क्षेत्र में संजय उद्योग द्वारा ओबी हटाने का नया काम किया जा रहा है। काम के दौरान भारी मात्रा में आसपास डस्ट उड़ती रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है। स्थानीय प्रबंधन के आश्वासन पर ग्रामीणों ने आंदोलन वापस ले लिया।

### पत्रकार संघ ने अजित श्रीवास्तव की पुण्यतिथि मनायी

**जोड़ापोखर।** कोयलांचल पत्रकार संघ के कार्यालय शालीमार में क्षेत्र के पत्रकार स्वर्गीय अजित श्रीवास्तव की पांचवी पुण्य तिथि मनाया गया है। उनकी तस्वीर पर माला पहनाकर सभी पत्रकारों ने श्रधंजलि दिया है। श्रद्धांजलि देने वाले में है अंजन सिन्हा, नागेश्वर पासवान, आशीष कुमार घोष, रामनारायण राय, मुख्तार अहमद, राहुल मिश्रा, फरीद अहमद, गणेश तिवारी, अरुण कुमार, जगत नारायण पाठक, गुलजार आलम, सूर्यभान मिस्त्री, सद्दाम, रिजवान, आलम अंसारी, शिशिर मिश्रा, एहसान अंसारी, हर्मेन्द्र चौहान, सुधाकर प्रसाद, कार्तिक वर्मा आदि, शामिल हैं।

### चिरकुंडा में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर कांग्रेस कमिटी द्वारा पार्टी के नगर अध्यक्ष गैरूल हसन की अध्यक्षता में चिरकुंडा में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ किया गया। पार्टी के सभी पदाधिकारियो ने घर-घर जाकर लोगों से बात किया और सांसद राहूल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया इसके साथ ही सरकार की नितियो की आलोचना की गई व लोगों से कांग्रेस में जुडने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में धनबाद जिला काग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी व चिरकुंडा नगर प्रभारी वकील बाउरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम में मो अमिरूल्लाह,कपिलदेव प्रसाद,शशि भूषण नाथ तिवारी,शंकर गुप्ता,परमानंद सिंह, अरविन्द सैनी, गियास अंसारी,अब्दुल कादिर आदि थे।

### साइबर ठगों ने दुकानदार के खाते से उड़ाये 10 हजार

**धनबाद।** तोपचांची थाना क्षेत्र के आमटांड़ निवासी मोहम्मद यासीन अंसारी को झांसे में लेकर साइबर ठगों ने 14 फरवरी को उनके बैंक खाते से 10 हजार रुपए निकाल लिए। भुक्तभोगी यासीन अंसारी ने बताया कि उनका अकाउंट पंजाब नेशनल बैंक की खरियो शाखा में है। मोबाइल पर रुपयों की निकासी का मैसेज आने के बाद वह काफी घबरा गए और बैंक के कस्टमर केयर को फोनकर खाते से किसी तरह की निकासी फिलहाल बंद करा दी है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्री रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



बस को रवाना करते डीडीसी शशि प्रकाश सिंह व अन्य।

**धनबाद।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों से मुस्लिम धर्मावलंबियों को मिश्रित भवन से डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालिवाल, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया।

बस को रवाना करने के बाद डीडीसी ने कहा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत धनबाद जिले के सभी यात्रियों को हटिया रेलवे स्टेशन से आज आइआरसीटीसी के माध्यम से एक विशेष ट्रेन से अजमेर शरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सिकरी के दर्शन कराए जाएंगे। तीर्थ स्थल का दर्शन करने के बाद 21 फरवरी को सभी धनबाद लौटेंगे।

तीर्थ दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों में बलियापुर प्रखंड से 20, निरसा से 21, बाघमारा से 14, टुंडी से 11, पूर्वी टुंडी एवं कलियासोल से 7 - 7 यात्री, गोविंदपुर से छः, तोपचांची से पांच एवं एगारकुंड प्रखंड के 3 यात्री शामिल हैं।

## डॉ जनार्दन पांडे की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**झरिया।** भाजपा नेता वा सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी रमेश पांडेय के दादा जी स्वर्गीय डॉक्टर जनार्दन पांडेय की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को कतरास मोड़, चंद्रकांत पेट्रोल पंप के समीप ऑफिस प्रांगण में पूजा पाठ व 24 घंटे के अष्टजाम कीर्तन के समापन के बाद रक्तदान शिविर लगाया गया। एशियन द्वराका दास सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के पांच सदस्यों की टीम में सुदीप पांडेय, उत्तम कुमार सोरेन, मुंना रजक, रंजीत गोप, संजू कुमारी आदि का सहयोग रह, कीर्तन का समापन हवन के बाद वृन्दावन पांडेय, नारद पांडेय, अजय पांडेय गणेश पांडेय, मंटू पाण्डे, रमेश पांडेय, बिटटू पांडेय, विशाल दूबे, विवेक तिवारी, नागेंद्र सिंह विष्णु ओझा, आरा, विशाल गगन, बक्सर, भोला पांडेय,आरा, छोटु बिहार, आरा व आदि थें।

## धनबाद रोजगार मेला आज 21 कंपनियों में 2328 वैकेंसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय धनबाद में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन बुधवार को होगा। रोजगार मेला में 21कंपनियों में विभिन्न 2328 पद हैं। 21कंपनियों में कई कंपनियां धनबाद की हैं।

इस कारण रोजगार मेला में भीड़ लगने की संभावना बढ़ गई, रोजगार मेला में स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र जरूरी है।

जारी सूचना में कहा गया है कि झारखंड के किसी भी नियोजानलय से निबंधित आवेदक ही इसमें हिस्सा ले सकते हैं। आवेदक को अपने साथ शैक्षणिक, प्रशिक्षण, आधार कार्ड, बायोडाटा, अंचलाधिकारी या सक्षम पदाधिकारी से निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र के साथ लाना है। कई कंपनियों ने मंगलवार की शाम को रोजगार मेला में शामिल होने की इच्छा जताई है। इस कारण पदों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

**इन पदों पर होगी बहाली**

सिक्यूरिटी ऑफिसर, सिक्यूरिटी गार्ड, कंप्यूटर ऑपरेटर, रिसेप्शनिस्ट, ऑफिस ब्वॉय, एलआईसी एजेंट, क्वालिटी कंट्रोलर, ड्राइवर, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर, लाइब्रेरियन, बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, एचआर एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर व नर्स।

**ये कंपनियां लेंगी हिस्सा**

सुपर स्टार सिक्यूरिटी, एलआईसी, एसआईएस सिक्यूरिटी, एवीआई इंटरप्राइजेज गम्हरिया जमशेदपुर, रिलायबल इंडस्ट्री धनबाद, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग रांची, सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड बैंक मोड़, बजाज एलायंस, असर्फी अस्पताल, स्कूल नेट इंडिया लिमिटेड स्टीलगेट।

## डीपीएस चास के विद्यार्थी खगोलीय दुनिया से हुए रूबरू



**चास/ बोकारो।** डीपीएस चास में ह्यखगोल विज्ञान शिविरह्न का आयोजन किया गया जिसमें 300 से अधिक विद्यार्थियों व शिक्षकों ने एक साथ अत्याधुनिक दूरबीनों के माध्यम से तारे, ग्रहों व उपग्रहों का अवलोकन कर खगोलीय दुनिया से रूबरू हुए। रात भर चले इस शिविर में सबसे पहले खुली आकाश के नीचे बच्चों को आकाश के विभिन्न तारों, आकाशगंगा, ग्रहों, उपग्रहों के बारे में पहचान कराया गया। उसके बाद बच्चों के लिए डिजाइन किये गये विशेष प्रकार के अत्याधुनिक स्पेस रिफ्रैक्टर न्यूटॉन टेलीस्कोप द्वारा उन्हें आकाशीय पिंडों को दिखलाया गया। विषय-विशेषज्ञ के रूप में सतीश शिरोडकर, व विशाल फुलुडे ने बच्चों को खगोलीय गतिविधियों की जानकारी दी।

## बीएसएल में कार्मिक विभाग का कार्यक्रम



**बोकारो।** बीएसएल के सिंटर प्लांट विभाग में कर्मियों को कंपनी के नियमों व प्रावधानों, विशेषकर ईपीएस -95 से अवगत कराने हेतु कार्यस्थल पर विभाग के जीएम एस के ठाकुर, ए हाजरा, आई मुखर्जी, वरीय प्रबंधक (कार्मिक) ए के चौबे, प्रबंधक (कार्मिक) उज्जवल कुमार सहित विभाग के कर्मियों की उपस्थिति में कार्मिक नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने कर्मियों को ईपीएस-95 सहित बीएसएल के अन्य नियमों तथा प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया।

## झारखंड की स्थिति बदहाल है : बाबूलाल



**बोकारो।** बोकारो परिसदन में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने बोकारो विधायक बिरंची नारायण की उपस्थिति में झारखंड के वर्तमान स्थिति पर पत्रकारों से चर्चा की। पत्रकारों के सवालों पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की स्थिति आज बेहाल व बदहाल है। झारखंड मे जनहित का कोई कार्य नही कार्य हो रहा है और राज्य की पुलिस व्यवस्था आपराधिक गठजोड़ का हिस्सा बन चुकी है।रोजगार के मुद्दे पर विफल सरकार द्वारा स्थानीय नीति को लेकर लिए गए निर्णय लागू होने से पहले रद्द हो जाती है। प्रेस वार्ता में शशिभूषण ओझा,संजय त्यागी,जयदेव राय, लीला देवी, माथुर मंडल, महेन्द्रराय, राजीव चौबे, मनोज ठाकुर ,ब्रज दुबे, रामलाल सोरेन व अन्य मौजूद थे।

## बीएंडके क्षेत्र मे सिस्टा परिवार का मिलन समारोह संपन्न



**बेरमो।** बीएंडके क्षेत्र के तत्वाधान मे बुघवार को कोल इंडिया एससी/एससी इंप्लायज एसोसिएशन (सिस्टा) परिवार का मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन करगली-चलकरी स्थित दामोदर नदी पुल के समीप किया गया। सर्वप्रथम बाबा भीमराव अंबेडकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सीसीएल के अध्यक्ष संतोष दास रत्नाकर ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दे। उन्होंने एकजुटता पर बल दिया।धन्यवाद ज्ञापन दिनेश बैठा ने किया। मौके पर डॉक्टर एस के भारतीय, डॉक्टर अंकित कुमार कुजूर, प्रोजेक्ट इंजीनियर यू के पासवान ,डॉ रश्मि रशि ,राम अवध राम, जसवंत सिंह गौतम व अन्य शामिल थें।

## रामगढ़ उपचुनाव में होगी एनडीए की जीत : राज कुमार

**धनबाद।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार राज का धनबाद परिसदन आगमन हुआ। राज का गर्मजोशी से कार्यकताओं ने स्वागत किया साथ ही दीनानाथ ठाकुर को धनबाद जिला राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का अध्यक्ष मनोनीत किया। एवं एक दर्जन लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई राजकुमार ने इस अवसर पर पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए का हिस्सा है। और रामगढ़ चुनाव में एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी पूरी ताकत से प्रचार-प्रसार कर रही है रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की भारी जीत होगी। 2024 में प्रधानमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है और पुनः नरेंद्र मोदी अपार बहुमत से प्रधानमंत्री बनेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में पांचों सांसद के साथ पूरी मजबूती से एनडीए के साथ खड़ी है। झारखंड में भी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए का हिस्सा है।

# पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय सहित कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने बाबा के मजार पर दी हाजिरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** जरीडीह बाजार हजरत बाबा पत्थर शाह के सालाना उर्स के मौके पर आज मंगलवार को जरीडीह बाजार स्थित बाबा पत्थर शाह के मजार पर जियारत व चादरपोशी के लिए हजारों अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ा। शाम को सबसे पहले कमेटी की सरकारी चादर चढ़ाया गया। इसके बाद आम लोगों का चादर चढ़ाने का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा। जियारत व चादरपोशी करने के लिए बेरमो कोयलांचल के जरीडीह बाजार सहित फुसरो, करगली, तुपकडीह, नावाडीह,कुरपनिया, संडे बाजार, जारंगडीह, कथारा, आसना पानी, बरवाबेडा, खेतको, चलकारी के अलावा हजारीबाग, रामगढ़, घाटो, केदला, धनबाद, गिरीडीह, कोडरमा, चतरा सहित कई शहरों व गांवों से बाबा के अकीदतमंद पहुंचे थे। उर्स में हिन्दू, मुसलमान सहित सभी राजनीतिक दलों के कई नेताओं एवं कार्यकताओं ने एक साथ श्रद्धापूर्वक बाबा के दरबार में हाजिरी देकर अपनी अपनी मन्नतें मांगी।उर्स के मौके पर 16 वीं लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने मजार पर हाजिरी दी।

समाहरणालय, खूँटी
(समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

कियोस्क आवंटन हेतु सूचना

खूँटी जिला के अल्पसंख्यकों के आर्थिक उन्नयन हेतु छोटे–छोटे व्यवसाय के लिए खूँटी जिला अंतर्गत प्रखण्ड कार्यालय परिसर, कर्रा एवं प्रखण्ड कार्यालय परिसर, मुरहू में निर्मित एक–एक यूनिट कियोस्क का आवंटन किया जाना है। उक्त हेतु कर्रा एवं मुरहू प्रखण्ड के अल्पसंख्यक समुदाय (सिख, मुस्लिम ईसाई, जैन, बौध तथा पारसी) के अर्हता पूरी करनेवाले इच्छुक आवेदकों से आवेदन विहित प्रपत्र में दिनांक 22.02.2023 तक आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शर्त्ते www.khunti.nic.in तथा कार्यालय के सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन–पत्र किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय अवधि में जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में जमा किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी।

PR 290349 District(22-23)D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा
समग्र शिक्षा

अल्पकालीन निविदा

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित 04 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (कोडरमा/जयनगर/मरकच्चो/सतगावाँ), 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय (चन्दवारा/डोमचाँच) एवं 01 नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय (डोमचाँच) में आवश्यक खाद्य पदार्थ /अखाद्य पदार्थ एवं अन्य सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन सक्षम आपूर्तिकर्ता से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म या एजेंसी जिनके पास आयकर एवं जी0एस0टी0 स्वच्छता प्रमाण पत्र है (हरी सब्जी,फल,मिठाई एवं मांसाहारी सामग्री को छोड़कर) वे निविदाएँ भरने के लिए योग्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16/02/2023 से 02/03/2023 तक कार्यालय दिवस के पूर्वाहन 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा, समाहरणालय भवन, राँची–पटना रोड, कोडरमा कार्यालय से पैकेजवार 500 रू0 (पाँच सौ रूपया) डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के माध्यम से शुल्क (अप्रतिदेय) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक 16/02/2023 से 04/03/2023 अपराह्न 05:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सुरक्षित रूप से बंद (Seal) लिफाफे में निविदा के साथ तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा खोलने की तिथि की सूचना अगल से दी जायेगी। तकनीकी निविदा के साथ अग्रधन राशि जो SSA कोडरमा के पक्ष में होगा तथा कोडरमा शाखा पर भुगतेय होगा।

प्रकाशित निविदा को आंशिक या पूर्णतः संशोधन एवं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा, जिसे चुनौती नहीं दी जा सकती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

PR 290387 (School Education and Literacy) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना,
ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-30/2022-23
पत्रांक–  हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | करीमनडीह तालाब का जिर्णोद्धार ग्राम–मोकहर कला–प्रखण्ड–हैदरनगर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 88.524 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेबसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 23.02.2023 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.03.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 03.03.2023 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण, प्रमंडल रॉची। |

नोट:– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 290378 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा

अल्पकालीन ई–निविदा सं0–RWD/SD/GARHWA/19/2022-23

1. कार्य का विवरण :– पर्यटन कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के काण्डी प्रखण्ड अंतर्गत सतबहिनी तीर्थ स्थल पर चहारदिवारी का निर्माण कार्य। | 99,78,200.00 | 10000.00 | 2,00,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 02.03.2023 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. प्रमण्डलीय कार्यालय गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate की मूल प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 03.03.2023 को कार्यालय अवधि में।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.03.2023 पूर्वाहन 02:00 अपराहन बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं.– 7004019730
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10. एनेक्चर– 02 में दिये गये प्रपत्र में ही शपथ पत्र देना होगा।
11. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
12. निविदा में डाली गई सभी कागजात् सत्यता का शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा।
13. आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारण वश समयानुसार स्थगित एवं रद्द किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :-www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02, गढ़वा

PR 290395 Rural Development(22-23)#D

## स्पीड न्यूज

### ईवीएम व वीवीपैट से लोगों को दी गई मतदान प्रक्रिया की जानकारी



रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों जैसे मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता जागरूकता शपथ, ईवीएम वीवीपट अवेयरनेस आदि का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान समाहरणालय सहित अन्य क्षेत्रों में ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देने के क्रम में सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

### स्टेटिक सर्विलांस टीम ने जब्त किया 6 लाख 40 हजार रुपए कैश



रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्टेटिक सर्विलांस दल एवं फ्लाइंग स्क्वायड दल का गठन किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को स्टेटिक सर्विलांस दल द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान मांडू थाना क्षेत्र से एक निजी वाहन से 6 लाख 40 हजार रुपए का कैश जब्त किया गया। जब्त राशि को संबंधित थाने के सुपुर्द कर इसकी सूचना जिले में गठित कैश रिलीज कमिटी को भेज दी गई है। जिसके उपरांत कमिटी द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अपर समाहर्ता ने बड़कागांव अंचल व थाना निर्माण रोकने का दिया निर्देश

**बड़कागांव।** बड़कागांव अंचल अंतर्गत मौजा हरली ललकी माटी स्थित खाता संख्या 186, प्लॉट संख्या 1961 रकबा 25.97 एकड़ गैरमजरूआ खास किस्म परती कदीम भूमि पर अवैध रूप से हो रहे मकान निर्माण कार्य को रोक लगाने का निर्देश उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग के पत्रांक 6212 दिनांक 5/12/ 2022 को अपर समाहर्ता हजारीबाग के द्वारा बड़कागांव अंचलाधिकारी को दी गई है। बावजूद मकान निर्माण कार्य जोरों पर जारी है निर्देशित पत्र का प्रतिलिपि बड़कागांव थाना प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए भूमि पर अवैध रूप से किए जा रहे मकान निर्माण कार्य को तत्काल रोक लगाने का निर्देश दी गई है। उक्त मामले में हरली पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र महतो ने कहा है कि जब से अपर समाहर्ता हजारीबाग के द्वारा बड़कागांव अंचल एवं थाना को निर्माण कार्य पर रोक लगाने का पत्र जारी हुआ है, उसके बाद और तेजी से मकान निर्माण का कार्य जारी किया गया है। 2 महीने से अधिक बीत जाने के बावजूद अब तक अंचल एवं थाना के तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आगे कहा है कि यदि मकान निर्माण कार्य को रोकते हुए कार्रवाई नहीं की जाती है तो अंचल एवं थाना के विरुद्ध न्यायालय जाएंगे। पूर्व मुखिया ने आगे कहा है कि जिस स्थान पर अवैध रूप से मकान बनाया जा रहा है वह कर्बला की भूमि है। प्रशासन द्वारा उक्त भूमि पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### डॉ अजीत की 14वीं पुण्यतिथि मनी

गोला। चित्तरंजन सेवा सदन गोला में स्व डॉ अजीत कुमार की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि पर डॉ अजीत कुमार की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित चिकित्सकों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों सामाजिक संगठन के लोगों ने 2 मिनट मौन रखकर व उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही चित्तरंजन सेवा सदन के स्वास्थ्य कर्मियों ने वात्सल्य धाम रामगढ़ में बच्चों के बीच खाद्य सामग्री बिस्कुट, चॉकलेट का वितरण किया। मौके पर डॉ संजय कुमार, डॉ अविनाश मिश्रा, मनोज मिश्रा, नारायण महतो, सदानंद प्रमाणिक, टोपन लाल महतो, संतोष महतो, सुचांद महतो, अभय कुमार, राजेश कुमार, नियाज फारुख, दामोदर महतो, अमर किस्कू, पायल कुमारी, विजय महथा, रेखा कुमारी मौजूद थे।

### मलिक ने बजरंग के पक्ष में किया सभा

**गोला।** गोला प्रखंड के सोसोकला पंचायत बुधवार को पूर्व मंत्री सह अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मन्नान मल्लिक ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर नुक्कड़ सभा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से युपीए महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर अब्दुल समद अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अली इमाम साहब, हाजी अख्तर, कैसर इमाम, पंचायत समिति सदस्य अमीरुन निशा, मजीब आलम, अनीता देवी, शोभा देवी, मसरुल अली रजा, बावला, मुस्लिम अंसारी, भूषण, तस्लीम अहमद, कौसर रजा, सूरज कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### जुबिली कॉलेज की रजनी बनी सीनेट सदस्य



भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा स्नातक मनोविज्ञान प्रतिष्ठा की छात्रा रजनी कुमारी विनोवा भावे विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य के लिए मनोनित हुई है। झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति के पत्रांक के आलोक में विभावि के कुलपति ने रजनी कुमारी को सीनेट सदस्य के रूप में एक वर्ष के लिए मनोनित किया है। रजनी को सीनेट सदस्य मनोनित किये जाने पर कॉलेज परिवार में हर्ष का माहौल है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आरके दास ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## इचाक के छबेलवा वन में वृक्षों का रक्षाबंधन सह पर्यावरण महोत्सव

# हर कोई पेड़ लगाएं व उसे बचाये : अन्नपूर्णा



खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** जन,जंगल एवं जल बचाव समिति के द्वारा इचाक प्रखंड के मोकतमा छबेलवा जंगल में बुधवार को वन वृक्षों का रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बद्री प्रसाद मेहता व संचालन संरक्षक महेश कुमार मेहता ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत वन देवी की विधिवत पूजा अर्चना से शुरू की गई। इसके बाद हजारों पर्यावरण प्रेमियों ने वन वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ पौधों को बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा की पर्यावरण संतुलन के लिए कोई भी उत्सव कार्यक्रम में हर कोई पेड़ लगाएं और उसे बचाएं।विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेवारी पूरे समाज की है आज पेड़ पौधों और बेटियों की स्थिति एक सामान है।

इसके अलावा पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, गांडेय क्षेत्र के पूर्व विधायक जयप्रकाश मेहता, कांग्रेस नेता दिगंबर कुमार मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, संगीतकार सह शिक्षक कुमार केशव, जिप सदस्य रेणु देवी, कुमकुम देवी, मुखिया मीना देवी, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, सांसद प्रतिनिधि शिवप्रसाद मेहता, जदयू जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता, रामलखन मेहता, पिछड़ी जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, पूर्व मुखिया मनोज कुमार मेहता सहित अन्य की भूमिका अहम रही।

**मेले में लगे स्टॉल :** महोत्सव मे कांग्रेस नेता डा आर सी प्रसाद के द्वारा चिकित्सा का स्टॉल लगाया गया। जहां डॉ उपेंद्र मेहता ने बीपी, सुगर का जांच किया। महिला मुक्ति संस्था के रवि सिन्हा के सहयोग से भी स्टॉल लगाया गया।

# सात लाख रुपये के साथ दो गिरफ्तार

**22 मोबाइल व एक लैपटॉप जब्त**
**ड्रग्स कारोबार से जुड़ा है मामला, नशेड़ियों को औने-पौने दाम देकर बंधक रखते थे समान**



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पुलिस ने ड्रग्स कारोबार से जुड़े एक बड़े सिंडिकेट पर धावा बोला है। पुलिस ने सिंडिकेट से जुड़े दो युवकों को 16 मोटर साईकिल, 22 मोबाइल, एक लैपटॉप सहित व 7 लाख 10 हजार 200 रूपये नकदी के साथ धर-दबोचा है। बुधवार को पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चौधरी ने भुरकुंडा ओपी में प्रेस कांफ्रेंस कर मामला की जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि भुरकुंड पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की रात्रि करीब 1 बजे सयाल मोड़ एमईसीएल कॉलोनी में छापामारी कर 16 मोटर साईकिल, 19 एनरॉयड व 3 की-पैड कुल 22 मोबाइल, एक लैपटॉप सहित 7 लाख 10 हजार 200 रूपये नकदी के साथ दो भाईयों एमईसीएल कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय रंभु रजक व 30 वर्षीय शंभु रजक को धर-दबोचा। एसडीपीओ डॉ. चौधरी ने बताया कि पूछताछ में ड्रग्स कारोबार का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नशा के आदि युवक नशे के लिए अपने कीमती सामानो को औने-पौने दाम में बंधक रखते थें। नशेड़ी ड्रग्स प्राप्त करने के लिए पकड़े गये आरोपियों के पास अपना सामान गिरवी रख ड्रग्स खरीदते थें। नकदी छोड़ बरामद सभी सामान नशेड़ियों के ही बताये जाते हैं। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपियों ने सिंडिकेट में शामिल चार लोगों का नाम बताया है। उन्हीं लोगों के कहने पर ये लोग सामान रखकर पैसा देते थे। हलांकि जांच प्रभावित न हो इसके चलते सिंडिकेट में शामिल चार लोगों का नाम पुलिस उजागर नहीं की है। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की बारीकी से जांच चल रही है। जल्द ही नशा से जुड़े सिंडिकेट का खुलासा कर दिया जायेगा। पकड़े गये आरोपियों पर 379, 411, 420, 467, 468, 34 भाद्रवि के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। छापामारी में पतरातू इंस्पेक्टर रोहित कुमार महतो, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, पुअनि राजदीप कुमार, पुअनि अक्षय कुमार, पुअनि मयंक प्रसाद, पुअनि कुंदन राव, सअनि बिरेंद्र ओझा, सअनि रामप्रवेश शर्मा, सअनि पुरन सिंह, सामंत कुमार दास सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थें।

**सामान्य परिवार से तालुकात रखते हैं पकड़े गये आरोपी**

पकड़े गये दोनो आरोपी स्व. विनोद रजक के पुत्र हैं। ये सामान्य परिवार से तालुकात रखते हैं। कयास लगाया जा रहा है कि इनके पास से बरामद 7 लाख 10 हजार 200 रूपया भी सिंडिकेट का ही होगा। हलांकि चर्चा में एक बात सामने आई है कि पकड़े गये आरोपियों का एक भाई सूदखोरी का भी काम करता है। अब यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा कि मामला सुदखोरी का है या नशा कारोबार से जुड़ा है या काई और मामला है। अगर मामला नशा के कारोबार से जुड़ा है तो इसके पीछे सिंडिकेट में कहीं सफेदपोश लोगों का हाथ तो नहीं। बहरहाल कोयलांचल में नशा का जहर युवाओं में तेजी से दौड़ रहा है। नशे के लत लग जाने के बाद नशेड़ी अपने व अपने घर के सामानों को नशा पाने के लिए औने-पौने दाम में बेचने व बंधक रखने से नहीं कतरातें हैं।

### शिलापट्ट में मुखिया का नाम सुनिश्चित करें विभाग : विजय



बरही। मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि किसी भी पंचायत में कोई भी योजना के शिलान्यास में शिलापट्ट में स्थानीय मुखिया का नाम अनिवार्य रूप से अंकित हों। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का जरिया पंचायती राज है, जिसके मुख्य कडी मुखिया है। उन्होंने कहा कि पंचायत में विकास कार्य में सबसे महत्ती भूमिका स्थानीय मुखिया की होती है। उनके सहयोग से ही पंचायत का विकास सम्भव है। बावजूद इसके लगातार ऐसा देखने को मिल रहा है कि पंचायत में बड़े बड़े योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन कर दिया जा रहा है।वहीं स्थानीय मुखिया को नजर अंदाज करते हुए उनका शिलापट्ट में उनका नाम देने से भी संवेदक या विभाग के पदाधिकारी अनदेखा कर रहें है। कहा कि मुखिया किसी पार्टी या दल के नही होते है बल्कि वह पंचायत के विकास के लिए चुने जाते है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि शिलापट में मुखिया का नाम देने को लेकर सभी विभागों को निर्देशित किया जाए अन्यथा पुरजोर तरीके से विरोध होगा।

### सदर विधायक ने बिटिया की शादी में भेंट किया लहंगा

दारू। सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने विधानसभा क्षेत्र में बेटियों के विवाह पर आशीर्वाद के रूप में लहंगा भेंट किया। बुधवार को भी विधायक के द्वारा उपलब्ध कराए गए लहंगा को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़का इरगा निवासी संगीता कुमारी पिता भुनेस्वर प्रसाद के घर जाकर लहंगा भेंट कर आशीर्वाद दिया। लहंगा पाकर संगीता और उसके परिवार वाले काफी खुश नजर आए। लहंगा भेंट करने के दौरान विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, महामंत्री इंद्रेदेव कुशवाहा, दिनेश चंद्र चौरसिया, अशोक कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## बरही : वित्तीय साक्षरता व डिजिटल ट्रांजेक्शन के लिए दी गयी ट्रेनिंग

**बरही।** मलकोको पंचायत भवन में आजादी के अमृत महोत्सव 2.0 के अवसर पर पंचायत स्तरीय वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। पीएचडी सेंटर का उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मलकोको पंचायत के पंचायत समिति प्रतिनिधि रोहित यादव, उप मुखिया प्रीतिनिधि फिरोज अंसारी, समाजसेवी अब्दुल, रंजीत जी, एसबीआई बीसी अब्दुल कलाम, बीओआई बीसी शाहजहां, सीएलएफ कोषाध्यक्ष मुन्नी देवी, सीसी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिजिटल ट्रांजेक्शन वित्तीय नियोजन, भविष्य के लिए बचत करना, खर्च को लेकर योजना बनाना, आय को दोगुना करना, बैंक एवं समूह से ऋण लेना और उसके फायदे, बीमा आदि चीजों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में आईपीआरपी महालखी, बीआरपी एसडी क्रांति, बैंक सखी उषा, प्रियंका, एफएल सीआरपी पिंकी, सीएलएफ अकाउंटेंट चिंता देवी, सक्रिय दीदी अनिता, मंजू, सरिता, मुनेजा खातून, आरती, रेखा, बिनीता, नीतू, यशोदा, द्रोपति देवी सहित अन्य दीदी उपस्थित थी।

### मनरेगा मजदूर को प्रोजेक्ट उन्नति के तहत प्रशिक्षण

विष्णुगढ़। इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग एवं जेएसएलपीएस बिष्णुगढ के संयुक्त प्रयास से मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2018-19 में 100 दिन कार्य कर लिए मनरेगा मजदूर, को प्रोजेक्ट उन्नति के तहत प्रशिक्षण दिया गया है जिसमे महिलाओं को अचार, पापड़ एवं मसाला पाउडर बनाने का दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया ` कार्यक्रम का समापन में मुख्य अतिथि बिष्णुगढ़ प्रखंड के बीडीओ संजय कुमार गोंगारी, जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधक रामगिरी उरांव, इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग के वरिष्ठ प्रशिक्षण समन्वयक बासुदेव कुमार, संजय कुमार, एफटीसी सुनील कुमार, सीसी अशोक रजक एवं सीएलएफ अध्यक्ष हाजरा खातून ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा की इस तरह का प्रशिक्षण बिश्नुगढ़ में आयोजित करने के लिए आरसेटी को धन्यवाद दिया साथ ही कहे के आप लोग अपना स्वरोजगार शुरू कीजिए और अपना स्वरोजगार बढ़ाइए विभाग द्वारा आप सभी को हर सम्भव सहयोग दिया जायेगा` प्रशिक्षण के दौरान बैंकिंग एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट के बारे में विस्तार से बताया गया` अंत में इस प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण समन्वयक बासुदेव कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम में कुल 34 लोगों में 6 प्रोजेक्ट उन्नति के तहत मनरेगा मजदूरों को प्रशिक्षित किया गया।

# त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का बैठक

**शिलापट्ट मे स्थानीय प्रतिनिधियों का नाम ना होने को लेकर रोष**



इचाक। उच्च विद्यालय सिजुआ के प्रांगण में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई। अध्यक्षता उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार एवं संचालन मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित सभी प्रकार की योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। विचारोंप्रांत निर्णय लिया गया कि शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में शिलापट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम अंकित ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि एन एच-33 से नवोदय विद्यालय तक पीसीसी निर्माण कार्य एवं ग्राम बरका खुर्द में उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास होना है जिसके शिलापट्ट में स्थानीय मुखिया समेत कोई पंचायत प्रतिनिधियों का नाम अंकित नहीं है। जब लोगों ने विभागीय पदाधिकारी जिला अभियंता से बात की तब उन्होंने बताया कि यह प्रोटोकॉल में नहीं है। अभियंता को बताया गया की इचाक प्रखंड के देवकुली में डीएमएफटी मध्य से प्लस टू उच्च विद्यालय के कार्य के शिलापट्ट में मुखिया का नाम अंकित है। वही मध्य विद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में मुखिया का नाम अंकित नहीं है जो विभागीय के पदाधिकारियो की दोहरी नीति है। सरकार के प्रधान सचिव वंदना दादेल के पत्रांक 530 के चिट्ठी का हवाला दिया गया। जब चिट्ठी का अध्ययन किया गया तो क्रमांक तीन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के शीला पट्टों में स्थानीय प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का प्रावधान है जबकि आमंत्रण भी नहीं किया जाता। समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से मांग किया कि डीएमएफटी मद, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के शिलापट्टो में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम जोड़ा जाए जिससे स्थानीय प्रतिनिधियों का सम्मान बना रहे।

## एक नजर में

### टेकलाल महतो की 78वीं जयंती मनी



विष्णुगढ़। पूर्व विधायक व सांसद स्व. टेकलाल महतो की 78 वीं जयंती के अवसर पर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल अपने पिता के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम इंटर कॉलेज बिष्णुगढ़ में आयोजित किया गया था। जन्म जयंती कार्यक्रम में मांडू विधायक के अलावे धर्मपत्नी ललिता देवी,दामाद शिवलाल महतो समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने भी टेकलाल महतो की आदमकद प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा -अर्चना कर, माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने स्व. टेकलाल बाबू को याद करते हुए,टेकलाल बाबू अमर रहे ,जब तक सूरज चाँद रहेगा टेकलाल बाबू का नाम रहेगा इत्यदि अनेक नारे लगाए। श्री पटेल ने कहा कि पिता एक बरगद की वृक्ष की तरह होते है,जिनकी गोद मे असीम शान्ति एवं ठंडक का अहसास होता है। झारखण्ड अलग राज्य के आंदोलन में उनका अहम योगदान रहा है। पिताजी को आज भी पूरे झारखंड में उनकी अलग स्वच्छ छवि,ईमानदारी एवं मृदुभाषी स्वभाव की वजह से लोग आज भी उनको याद करते है,और मैं उनका पुत्र हूँ,ये मेरे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में सुखदेव यादव, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,पूर्व अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,सुखदेव रजवार,पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल,भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष हिरामन महतो,टेकोचन्द महतो,राजेश सोनी महतो,बालेश्वर महतो,सोमर महतो,सुरेश राम,महेंद्र राम,कन्हाई यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

**झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग**
**कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010**

(आवश्यक सूचना)
संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा– 2016
(विज्ञापन संख्या– 21/2016)
दिनांक–15.02.2023

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सिविल अपील संख्या – 4038/2022 एवं सिविल अपील संख्या – 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 में दिनांक–15.12.2022 को पारित न्यायादेश की कण्डिका–03 के अनुपालन के क्रम में संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा– 2016 (मुख्य) अन्तर्गत रिक्त पदों के विरूद्ध जिलावार विकल्प प्राप्त करने निमित्त माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के मूल याचिकाकर्त्ताओं के अन्तर्गत अल्पसूचीबद्ध अभ्यर्थियों की सूची आयोग के वेबसाईट में प्रकाशित की गई है।

अल्पसूचीबद्ध अभ्यर्थियों से जिलों का विकल्प प्राप्त करने हेतु आयोग के अधिकृत वेबसाईट पर यथाशीघ्र लिंक प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थियों से जिला का विकल्प प्राप्त करना परीक्षाफल गठन अन्तर्गत अभिन्न कार्रवाई है, एवं स्वतः नियुक्ति हेतु अनुशंसा का द्योतक नहीं है।

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक

PR290438 (Jharkhand Staff Selection Commission)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, राँची।**
**निविदा रद्द सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **PR-289387 Road Construction Dept. Road Division Ranchi(22-23)#D** से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित (1) एम.जी. पथ (होटल रेडिसन ब्लू) से होटल बी.एन.आर. एवं हिनू चौक से बिरसा चौक तक पथ में रोड मार्किंग एवं पेंटिंग कार्य वर्ष 2022–23, (2) अरगोड़ा चौक से कड़रू पथ में रोड मार्किंग एवं पेंटिंग कार्य वर्ष 2022–23 एवं (3) रातु रोड जंक्सन (न्यू मार्केट से बिरसा चौक) पथ में डिबाईडर मरम्मति, रोड मार्किंग एवं पेंटिंग कार्य वर्ष 2022–23 हेतु आमंत्रित निविदा सूचना (टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची–45/2022–23) दिनांक–04.02.2023 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

PR 290369 Road Construction Dept Road Division Ranchi(22-23)D

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची**
कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची– 834001
ई–मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com फोन नं० – 0651–3512781

पत्रांक................../ राँची, दिनांक ........./........./2023

**शुद्धि–पत्र**

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची का पत्रांक–134 दिनांक–08.02.2023 द्वारा PR No. 289844 दिनांक 12.02.2023 से प्रकाशित निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:–

1. Date of Publication of Tender on Website- 14.02.2023
2. Last date & Time of Receipt of Hard Copy, cost of Bid Document and EMD- 23.02.2023 upto 5:00 PM
3. NIT की कंडिका–5 में वर्णित Nationalized Bank के स्थान पर Nationalized Bank OR Scheduled Bank समझा जाय।
4. NIT की कंडिका– 8.1 एवं 8.2 के प्रावधानों को निरस्त समझा जाय।
5. झारखण्ड लोक निर्माण संहिता के प्रावधानों के तहत निविदादाताओं के समान दर होने पर निविदा का निस्तार लॉटरी के द्वारा की जाएगी।

निविदा की शेष सभी शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची

PR 290411 (Minor Irrigation)22-23*D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**
आवश्यक सूचना
(अपहत अमित कुमार, वर्तमान उम्र करीब 17 वर्ष)



मेराल थाना कांड सं0–44/17, दिनांक–01.04.2017, धारा–363, 364, भा0द0वि0 में अपहृत अमित कुमार, तात्कालीन उम्र–12 वर्ष, वर्तमान उम्र करीब–17 वर्ष, पिता–बसंत प्रजापति, ग्राम–बाजुडीह, थाना –मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाला है। जो दिनांक–24.01.2017 को अपने घर से विधालय जाने के दौरान से ही लापता है। उक्त अपहृत अमित कुमार का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता अमित कुमार के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–गोरा, लम्बाई–04 फीट 02 इंच,
पहनावा–निला रंग का जींस, स्वेटर एवं उजला शर्ट,
पैर में हवाई चप्पल,
पहचान चिन्ह–गर्दन पर अईला।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.290343 Police(22-23):D

## जिला स्थापना समिति, शिक्षा स्थापना समिति व जिला अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न

# सामान्य अनुकंपा के 6 आवेदनों को स्वीकृति वाछिंत अर्हता के आधार पर होगी नियुक्ति

### उग्रवादी हिंसा के चार मामलों पर विचारोपरांत अग्रिम कार्रवाई का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्थापना समिति सह जिला शिक्षा स्थापना समिति व जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में सामान्य अनुकंपा, उग्रवादी हिंसा, एम.एस.सी.पी.एस के तहत विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त अनुशंसा सहित विभागवार बिंदुओं पर आवश्यक निर्णय लिया गया। बैठक में सामान्य अनुकंपा के आधार पर प्राप्त 6 प्रतिवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए आवेदकों की वांछित अर्हता के अनुसार विभिन्न वर्गों के पद पर नियुक्ति हेतु निर्णय लिया गया। वहीं 4 उग्रवादी हिंसा में मृतकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के मामलों पर विचारोपरांत निर्णय लेते हुए अग्रिम कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। प्रोन्नति अंतर्गत 3 मामलों पर स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें निशान मिंज, विनोद बड़ाइक , वाल्टर डुंगडुंग के प्रोन्नति हेतु आवेदन प्राप्त थे। जिसके लिए उपायुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यालय अधीक्षक, गुमला एवं प्रशासी अधिकारी, गुमला के पद पर दी गई प्रोन्नति की तिथि में संशोधित हेतु 2 मामले आये। जिसपर उपायुक्त ने दोनो कर्मियों के सेवासंपुष्टि के



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

साथ संचिका में उपस्थापीत करने का निर्देश दिया। अन्यान्य अंतर्गत 7 मामलों पर विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं बैठक में शिक्षा विभाग अंतर्गत बी.आर.पी एवं सी.आर.पी. के द्वारा विद्यालयों के जांच संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा के क्रम में पाया गया कि किसी भी बीआरपी एवं सी.आर.पी द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में उपयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी बीआरपी एवं सीआरपी के द्वारा विगत एक वर्ष में किए गए निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन एवं उप प्रतिवेदन के आधार पर कृत कार्यवाही की सूचना अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा स्थापना समिति द्वारा जिला शिक्षा स्थापना के संबंधित बिंदुओं पर विमर्श के दौरान प्राथमिक शिक्षकों टीजीटी शिक्षकों के सेवा संपुष्टि संबंधित मामलों पर विचार करते हुए टीजीटी शिक्षकों के कुल 6 मामलों की स्वीकृति प्रदान की गई। वही 8 प्राथमिक शिक्षकों की सेवा संपुष्टि संबंधित मामलों के संबंध में निर्देशित किया गया कि प्रशासनिक अधिकारी गुमला अपने स्तर से सेवा पुस्तों की जांच करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रस्ताव उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त , अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, सिविल सर्जन, जिला स्थापना पदाधिकारी, कार्यालय अधीक्षक स्थापना शाखा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## अवैध बालू खनन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव ने जिले के विभिन्न बालू घाटों से अवैध खनन किये जाने को लेकर बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव को ज्ञापन सौंपा। साथ ही अवैध खनन हो रहे मामलों पर अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सिसई प्रखंड के ओलमुंडा, सम्मल, बाकुटोली, नागफेनी, मुकुंदा, पारस नदी, जलका, मुरगु, कुलंककेरी, लकेया घाट, चैलीटोली, सिसई बांसटोली एवं बसिया के टेंगरा, बोंगोलोया, पंथा, बम्यारी, डिपाटोली, शिवाटोली सरूडा तथा कामडारा के सालेगुटु, मोरहाटोली, बेतरकेरा, रामतोलया से प्रतिदिन अवैध उत्खनन कर बालू पर भेजा जा रहा है। यह बालू रांची में ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है। स्थानीय प्रशासन एवं बालू माफिया के मिलीभगत से अवैध बालू का कारोबार फल-फूल रहा है।

# सरना व सनातन धर्म को एक धागे में पिरोना है : अनिल

### चैनपुर में जनजातीय स्वधर्म जागृति सम्मेलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में जनजातीय स्वधर्म जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चैनपुर प्रखंड के महिलाओं ने अतिथियों का तिलक लगाकर एवं भगवा गमछा ओढाकर किया। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड-बिहार क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर ने कहा कि जनजातीय स्वधर्म जागृति सम्मेलन कार्यक्रम की परिकल्पना स्वामी दिव्यज्ञान जी ने की थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में धार्मिक चेतना को जागृत करते हुए सरना और सनातन धर्म को एक धागे में पिरोए रखना। आज इस क्षेत्र के सरना धर्म के लोगों को जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। सरना धर्मावलंबियों को जागरूक होने की आवश्यकता है।



कार्यक्रम को संबोधित करते आरएसएस के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर।

सरना एवं सनातन समाज अपने हितों को लेकर संगठित हो तभी हम धर्म की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरना आदिवासी समाज के लोग एक समय में राजा हुआ करते थे। मगर आज वन वन में भटकने को मजबूर हैं।

आदिवासियों को संगठित होने की आवश्यकता है। आज एक आदिवासी महिला देश की राष्ट्रपति बनी है। कल प्रधानमंत्री भी बन सकती है। मौके पर विशिष्ट अतिथि अविनाश कुमार एवं प्रोफेसर रविंद्र नाथ शर्मा ने कहा कि सरना सनातन समाज एक है।

जनजातीय (आदिवासी साध्वी) आचार्य कृष्णकांत मिश्र, अचार रामदेव पांडे ने भी सनातन समाज को एकत्रित होकर संगठित होने की अपील की। कार्यक्रम से पूर्व चैनपुर के खिलाड़ी सुब्रतो मुखर्जी कप विजेता विक्की कुमार साहू, रजत कुजुर एवं फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप के खिलाड़ी सुधा अंकिता तिर्की को मेडल मोमेंटो और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं चैनपुर डुमरी एवं जारी प्रखंड से आये सभी बैगा पहनो को भगवा गमछा ओढा कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर के द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अर्जुन राम, पंकज बंसल, अर्चना टुन्दू, डॉ अटल पांडेय, संजय मिश्रा, राजेश अग्रवाल, सुबोध कुमार शिव शंकर उरांव, अमित किशोर पाण्डेय दिलीप बड़ाइक,मनोहर बड़ाईक,राजन भूषण बैगा, पाण्डेय,शिवम केशरी निखिल सिंह,संतोष केशरी नीरज शर्मा,अरविंद मौर्य,कुलदीप कुमार रवि रंजन कुमार, मनसाय बड़ाइक सकलदीप नाथ शहदेव सहित चैनपुर डुमरी जारी के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद सहितकई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप घाघरा में आज

**घाघरा।** बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 16 फरवरी दिन गुरुवार को प्रखंड सभागार में एक दिवसीय फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में होटल, ढाबा, किराना सहित मीट, चिकन, मछली कारोबारी उक्त 16 फरवरी को दिन के 11:00 बजे प्रखंड सभागार में पहुंचकर अपने दुकान से संबंधित रजिस्ट्रेशन कराएं। साथ ही आधार कार्ड रंगीन फोटोग्राफ अवस्थित दुकान के कागजात साथ लेकर आएं ताकि सभी दुकानों का फूड लाइसेंस बनाया जा सके। वही श्री कच्छप ने सभी दुकानदारों से आग्रह किया कि वे उक्त तिथि में पहुंचकर दुकान से संबंधित लाइसेंस बनवाले।

## भंडरा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, दिया शांति संदेश



फ्लैग मार्च में शामिल अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड में महाशिवरात्रि उर्स व जलसा पर्व को देखते हुए भंडरा पुलिस ने प्रखंड बस्ती में फ्लैग मार्च निकाल कर शांति संदेश देने का काम किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता व थाना प्रभारी गौतम कुमार कर रहे थे। मौके पर सीओ ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने बस्ती में रूक- रूक कर लोगों से कहा कि पर्व के अवसर पर हुड़दंग कदापि बर्दाश्त नहीं नहीं किया जाएगा। फ्लैग थाना से शुरू होकर कुम्बा टोली से होते हुए मेन रोड मुख्य मार्ग होते हुए नवडीहा मोड़ से थाना आकर समाप्त हुआ। इस संदर्भ में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि शिवरात्रि और उर्स पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले पर्व को लेकर असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी तरह की कोई गड़बड़ी न करें। इसको लेकर पुलिस प्रशासन फ्लैग मार्च निकाला है। उन्होंने यह भी कहा गया पुलिस हमेशा तत्पर है। यह बात सभी को बता देना चाहते हैं। ताकि कोई भी किसी तरह की गड़बड़ी न करे। गड़बड़ी करने पर पुलिस उन असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। फ्लेग मार्च मे थाना प्रभारी गौतम कुमार, एस आई विकास कुमार विश्वकर्मा, सावित्री कच्छप सहित पुलिस जवान शामिल थे।

## 15 टीबी रोगियों के बीच बीडीओ व सीओ ने किया पोषाहार का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि बीडीओ एकता वर्मा, सीओ शिवपूजन तिवारी के द्वारा निक्छय मित्र बनकर प्रखंड के 15 टीवी रोगियों के बीच पोषाहार सामग्री का वितरण किया। मौके पर बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि टीबी मरीज दवा के साथ साथ संतुलित भोजन से रोगी जल्द ठीक हो सकेंगे। सभी लोग टीबी मरीज की देख रेख करने का दायित्व लेंगे। जिससे मरीजों की पहचान एवम उपचार ससमय हो सके। सीओ शिवपूजन तिवारी ने कहा कि आप लगातार दवा का सेवन करेंगे तो आप तुरंत ठीक हो जायेंगे। इसलिए आप लोग दवा और पोषण आहार को लगातार ले। जिससे 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। साथ ही उपस्थित कई लोगों ने टीबी रोग से बचाव पर अपनी अपनी अपनी बातें रखी। मौके पर हरिओम सुधांशु, हरिशंकर मिश्रा,अजय टोप्पो,पवन कुमार,निर्मल केरकेट्टा, बंधन महतो,पुनीत एक्का, आयुष डॉ राजेश शर्मा, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शकील बने मोमिन अंसारी पंचायत के अध्यक्ष, सौहेल बने सचिव



मोमिन अंसारी पंचायत के नवचयनित पदाधिकारियों के साथ समाज के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मोमिन अंसारी पंचायत का चुनाव पर्यवेक्षक आफताब अंजुमन व चुनाव प्रभारी अखलाक अंसारी के निगरानी में अंजुमन दफ्तर थाना रोड में संपन्न हुआ। चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से पहले पूर्व अध्यक्ष इस्त्राइल अंसारी ने अपना विचार व्यक्त किया। जिसके बाद पूर्व सचिव शाहजहां अंसारी ने अपने विचारों को रखते हुए अपने तीन साल के कार्यकाल के आय व व्यय का हिसाब दिया। जिसे पंचायत के उपस्थित सभी लोगो ने सराहा। तत्पश्चात पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित आफताब अंजुम ने चुनाव की सारी प्रकिया की जानकारी उपस्थिति सदस्यों व प्रत्याशियों को दिया। जिसमें अध्यक्ष व सचिव पद के लिए एक-एक आवेदन व कोषाध्यक्ष के लिए दो आवेदन प्राप्त हुआ। जिससे एक कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने अपने आवेदन को वापस लिया। इस तरह से निर्विरोध व सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए शकील अंसारी एवं सचिव पद के लिए सोहैल अंसारी व कोषाध्यक्ष पद पर इम्तियाज अंसारी को चुना गया और विजेता प्रत्याशियों को पर्यवेक्षक द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अंजुमन के कार्यकारी अध्यक्ष इरशाद खान, सचिव खुर्शीद आलम, अब्दुल जब्बार रिजवी, ने नई कमेटी के पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया। मौके पर नव चयनित अध्यक्ष शकील अंसारी व सचिव सोहैल अंसारी ने कहा कि पंचायत के लोगों ने जिस उम्मीद से उन्हें चुना उसपर खरा उतरते हुए पंचायत को एक नई पहचान दिलाने का काम करेंगे। साथ ही जल्द कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर यासीन अंसारी, इदरीस अंसारी, अखलाक अंसारी, इमरान अंसारी, ,तजमुदिन अंसारी, इम्तियाज अंसारी, तबरेज अंसारी, असफाक अंसारी, फिरोज अंसारी, कलीम अंसारी, सुफियान अंसारी, कैश अंसारी, डब्लू मिस्त्री, तजमुल अंसारी, नेसार अंसारी, पप्पू अंसारी, मोकिम अंसारी, फैजी अंसारी, मुन्ना अंसारी, फिरोज अंसारी, नदीम अंसारी, आफताब अंसारी, असलम अंसारी, कालम अंसारी, साजिद अंसारी, सोहेल अंसारी, वसी अंसारी, हबीब अंसारी, बेलाल अंसारी, रहमत अंसारी, रहमान अंसारी, असरफ अंसारी, साहब अंसारी, खुर्शीद अंसारी, परवेज अंसारी, शेखावत अंसारी, साहिल अंसारी, अस्तफ अंसारी, बारीक अंसारी, दानिश अंसारी, एजाज अंसारी, गुड्डू अंसारी, हबीब अंसारी, रमजान अंसारी, जावेद अंसारी, सलमान अंसारी, ऐनुल अंसारी, मुबारक अंसारी, जाहिद अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की पर्यटन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्ययोजना को लेकर बैठक

### ओलंपिक स्तर के स्विमिंग पूल निर्माण समेत कई प्रस्ताव हुए पारित

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में पर्यटन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्य योजना से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में खेल से संबंधित नई योजनाओं के प्रस्ताव में जिला में पहले से निर्मित बैडमिंटन कोर्ट में फ्लोरिंग, जेनरेटर,लाईट व टॉयलेट का कार्य, जिम का आधुनिकीकरण का कार्य कराने, जिम के लिए एक प्रशिक्षक, चेजिंग रूम,लॉकर का प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार जिला के शहरी क्षेत्र में एक स्वीमिंग पुल (ओलंपिक स्तर का), का प्रस्ताव विभाग को भेजे जाने का निर्देश दिया गया।

जहां पर एक चेंजिंग रूम, टॉयलेट, शॉवर भी हो। साथ ही, तैराकी का एक प्रशिक्षक, स्वीमिंग पुल के लिए एक सफाईकर्मी व अन्य स्टाफ का भी प्रस्ताव तैयार कर विभाग भेजे जाने का निर्देश



बैठक करते डीसी।

दिया गया। आवासीय तीरंदाजी व कुश्ती प्रशिक्षण के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। फुटबॉल डे बोर्डिंग प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को ड्रेस किट (जर्सी, जूता, मोजा) सीएसआर मद से उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया। पर्यटन अंतर्गत टिको स्थित शहीद वीर बुधु भगत स्थल के पास लगनेवाले मेला स्थल की भूमि में पार्क एवं मेला स्थल हेतु भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव विभाग को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। पर्यटन अंतर्गत प्राप्त राशि से अखिलेश्वर धाम में एकसफाई कर्मी एवं एक वॉचमैन, तालाब में बोटिंग, बोट चालक व लाईफ गार्ड का प्रस्ताव, कोरांबे मंदिर में एक वॉचमैन, टॉयलेट के लिए सफाईकर्मी, मसमानो स्थित शिव मंदिर में दो सुरक्षा गार्ड व सफाई कर्मी, महादेव मंदिर में दो वॉचमैन रखे जाने का निदेश दिया गया। शेष राशि से आवश्यक साईनेज लगवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जिला अभियंता जिला परिषद समेत अन्य उपस्थित थे।

एक नजर में

## कुपोषण दूर करने को आंगनबाड़ी से चिह्नित बच्चों को मिलेगा लड्डू : डीडीसी



सीडीपीओ को लड्डू प्रदान करते डीडीसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** विकास भवन के सभागार में बुधवार को रागी से बने पौष्टिक लड्डू का वितरण सीडीपीओ व महिला पर्यवेक्षकों के बीच उप विकास आयुक्त हेमंत सती व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर डीडीसी श्री हेमंत सती ने कहा कि रागी लड्डू सीडीपीओ व महिला पर्यवेक्षक को प्रदान किया गया है ताकि वे आंगनबाड़ी के चिह्नित कुपोषित व कमजोर बच्चों को दिया जा सके। जिसे क्षेत्र में कुपोषण दूर होगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने कहा कि कुपोषित बच्चों के साथ-साथ रागी से बना लड्डू गर्भवती माताओं को भी आयरन की गोली के साथ प्रदान किया जाएगा। ताकि गर्भवती माता की सेहत अच्छी बनी रही। यह लड्डू सप्ताह में दो बाद आंगनबाड़ी के चिह्नित कुपोषित बच्चों को प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर काफी संख्या में सीडीपीओ व महिला पर्यवेक्षक, सेंटर फोर कैटलाइजिंग चेंज के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## विधेयक के खिलाफ चैंबर का अनिश्चितकालीन हड़ताल आरंभ



बंद पड़ीं दुकानें।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखण्ड सरकार द्वारा पारित कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 के खिलाफ चेंबर का अनिश्चित कालीन हड़ताल बुधवार से प्रारंभ हुआ। चेंबर के आह्वान पर खाद्य पदार्थ विक्रेता दुकानदार स्वतः अपनी दुकानें बंद रखी। दुकानें बंद होने के कारण लोगों को थोड़ा परेशानी उठानी पड़ी। कृषि विधेयक के तहत दो प्रतिशत टैक्स की वसूली को लेकर चेंबर आंदोलनरत है। वहीं कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक को सरकार से वापस लेने की मांग कर रही है। इधर बंद के कारण लाखों रूपये का कारोबार जिले में ठप रहा। मोटिया मजदूरों व कई अन्य मजदूरों पर बंद का सबसे अधिक प्रभाव पड़ा। क्योंकि आज उन्हें काम नहीं मिल पाया। दुकानें बंद होने के कारण कामकाज प्रभावित रहा। वहीं सड़कों में भी चहल-पहल कम देखा गया। चेंबर ऑफ कामर्स गुमला के पदाधिकारियों ने कहा है कि जब तक सरकार कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक वापस नहीं ले लेती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। यह काला कानून है। इससे महंगाई बढेगी। लोगों के रोजमर्रा के जीवन पर इसका व्यापक प्रभाव पडेगा। चेंबर ने कहा है कि दूसरे राज्यों के तर्ज पर सरकार झारखंड की जनता को राहत प्रदान करे। वहीं बंद का असर पूरे जिले में देखने को मिला। प्रखंड मुख्यालयों में भी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखी।

## पुलिस ने दो अवैध पिस्तौल के साथ अपराधी को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के एसडीपीओ बी एन सिंह को मिली गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बगडू थाना प्रभारी पंकज शर्मा ने बगडू क्षेत्र के चरहू निवासी किताबूल खान के घर पर छापामारी किया। छापामारी के दौरान किताबूल खान के घर से अवैध दो पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

पुलिस गिरफ्त में आया अपराधकर्मी विगत 15 दिन पहले जेल से जमानत पर मुक्त हुआ था। अपराधी सिमडेगा जिले के बानो थाना क्षेत्र में एक ट्रक लूट कांड में जेल गया हुआ था।

## एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड सह-अंचल कार्यालय परिसर में स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं बेरोजगार युवा-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण से जोडने हेतु एक दिवसीय मोबिलाईजेशन सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे सदस्य, जिला परिषद किस्को, प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को, जिला कौशल पदाधिकारी लोहरदगा, प्रमुख एवं उप प्रमुख ने सभी का मार्गदशन किया ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा इस अवसर का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बजरंग दल कार्यकर्ता ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला नगर के कार्यकर्ता अक्षय कुमार ने बुधवार को ब्लड डोनेशन करके अस्पताल में इलाज रत मरीज की जीवन रक्षा की। अक्षय कुमार ने बताया कि उन्होंने अपना पहली बार रक्तदान किया है और रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज को सहायता कर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मौके पर यशराज सिंह,सूरज सोनी, रविंद्र सिंह, लैब टेक्नीशियन संगीता कुमारी,रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रा पर किया रवाना

**गढ़वा।** डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री तीर्थ योजना अंतर्गत मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेर शरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सिकरी तीर्थ यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तीर्थ यात्रा पर जाने वालों में 36 वरिष्ठ एवं सुयोग्य तीर्थ यात्री शामिल हैं।

### स्कॉर्पियो ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, दो घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार रात करीब 9:30 बजे बागीटांड में खड़ी ट्रक में स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दिया, जिसमें स्कार्पियों पर सवार दो लोग घायल हो गए। वहीं घायलों की पहचान 45 वर्षीय सुजीत कुमार पिता स्व. जगदीश प्रसाद ग्राम पैठार बिहार, 28 वर्षीय गौरव कुमार पिता रविशंकर प्रसाद ग्राम मनियावा बिहार के रूप में हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में कई लोग सवार होकर उड़ीसा से बिहार जा रहे थे। इसी दौरान बाघीटांड चेक नाका के समीप एक खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन जख्मी

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की दोपहर दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टकर हो गयी। जिसमें आसींद मियां, तबस्सुम खातून एवं अर्जुन दास गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना जयनगर थाना को दी गई। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मी और मुखिया इरफान अंसारी ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को जयनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए तीनों को सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### ग्रिजली विद्यालय के छात्रों का खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय की छात्रों ने कोडरमा जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 9वीं जिला सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्रों ने अंडर 12 आयु वर्ग में विजेता बने। वहीं अंडर 14 आयु वर्ग में दूसरे स्थान तथा अंडर 17 आयु वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विजेता छात्रों तथा कोच सुनील साव को विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता तथा प्राचार्या अपर्णा सिन्हा के द्वारा मेडल्स तथा ट्रॉफी प्रदान की गयी। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसीमे, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास ने छात्रों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### उपायुक्त ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कोडरमा।** जिला प्रशासन के सौजन्य से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत मुस्लिम धर्मावलम्बियों के लिए अजमेर शरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सिकरी तीर्थ यात्रा कराया जा रहा है। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला योजना पदाधिकारी खोपलाल राम द्वारा संयुक्त रुप से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बताते चलें कि यह यात्रा 15 फरवरी से 21 फरवरी तक है। जिसमें जिले के 19 मुस्लिम धर्मावलम्बी तीर्थ दर्शन करेंगे।

### शहीदों को कैंडल मार्च निकाल कर दी गयी श्रद्धांजलि

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलवामा हमले में मारे गए शहीदों की चौथी बरसी पर प्रखंड क्षेत्र के सेंट्रल कान्वेंट पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने दरदाही बाजार, दरदाही चौक तक कैंडल मार्च निकालकर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर नरेश प्रसाद साव, रिया कुमारी, सीतामाराम सिंह, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### जिले में खाद्यान आलू प्याज के प्रतिष्ठान में लटके रहे ताले, एक करोड़ का व्यवसाय हुआ प्रभावित

# व्यापारियों ने निकाला जुलूस, स्मार्ट बाजार बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखण्ड चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर बुधवार से राज्य व्यापी झारखण्ड बंद के तहत कोडरमा में व्यापक असर रहा।

बाजार समिति में दो प्रतिशत टैक्स बढ़ाने के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल का पहला दिन स्वतः स्फूत शहर में पांच सौ से अधिक थोक एवं खुदरा दुकानों के अलावा, स्मार्ट बाजार, दो राइस मिल भी बंद रही। वहीं आटा मैदा के फ्लावर मिल भी बंद रहा। इसके साथ ही मालों का आवक और जावक भी बंद कर दिया गया है। ऐसे में हड़ताल अगर




लंबी चलती है तो मवेशियों को चोकर खली के अलावा लोगों के लिए राशन, तेल, रिफाइन आदि उपलब्ध नहीं होने से होटलों में भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। वहीं सड़कों के किनारे लगने वाले गुपचुप, समोसा आदि के ठेले भी प्रभावित होंगे। बाजार समिति में प्रतिदिन 20 से 30 छोटी बड़ी गाड़ियां उतरती है, मगर हड़ताल के कारण बुधवार को महज 10 गाड़ियां ही पहुंची, वे भी दो से तीन दिन पूर्व विभिन्न प्रदेशों से चली गाड़ियां ही पहुंची। इधर जिले में व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं फ्लावर मिल, आलू-प्याज के थोक विक्रेता के प्रतिष्ठान बंद रहने की वजह से लगभग एक करोड़ से अधिक का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ। झुमरीतिलैया के स्टेशन रोड, झंडा चौक गली, हटिया रोड, खुदरा पट्टी, पानी टंकी रोड तथा रांची पटना रोड की दुकाने बंद रही। व्यवसायों ने रैली भी निकाली और इंस्पेक्टर राज को खत्म करने की मांग को बुलंद किया। वहीं व्यवसायों ने कहा कि बाजार समिति में खाद्यनों की दुकानों में दो प्रतिशत और कच्चे आलू प्याज, फल, सब्जियों में एक प्रतिशत की वृद्धि होगी। व्यवसाय संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर महेश्वरी, सचिव संजय कुमार बॉबी ने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर जिले में भी बंद का व्यापक असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि देश में एक देश एक टैक्स के तहत जीएसटी लागू है। ऐसे में बाजार समिति का शुक्ला झारखण्ड में लगाना व्यपारियों के साथ-साथ जनता पर बोझ डालना है। वहीं पड़ोसी राज्य बिहार और बंगला में बाजार समिति का कोई टैक्स नहीं है। रैली में दीपक बसंत, प्रदीप कुमार टंन्नू, गोविंद मोदी, राधेश्याम मोदी, रंजीत साव, सुनील साव, अरविंद चौधरी, राहुल जैन, दीपक सिंघानिया, अजय तर्वे, संजय कुमार, बबलू साव, विनय कुमार, मनोज कुमार कंधवे, आलू व्यवसाय मानिक चंद, अरुण सोनकर, सूजय सिंह, बबलू सोनकर, भानु प्रसाद, सुरेश भारद्वाज आदि शामिल थे।

# एसपी ने महोत्सव स्थल का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को राजकीय इटखोरी महोत्सव के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ अपर समाहर्ता पवन मंडल, तथा अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी भी थे।

पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम इटखोरी महोत्सव के मुख्य आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महोत्सव स्थल पर बनाए जा रहे स्टेज तथा बेरीकेटिंग का भी मुआयना किया।

# कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन

### उपायुक्त व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कृषि मेला का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रखंड परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के सौजन्य से जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, प्रखंड प्रमुख व अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिले के विभिन्न



प्रखंडों से आये कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा कृषि व पशुपालन पर विशेष जोर दे रही है, जैसे मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पीएम किसान, मुख्यमंत्री सूखाड़ राहत योजना, केसीसी जैसी योजनाओं पर काफी जोर दिया जा रहा है। कृषि एक सतत संसाधन है, जिससे हर साल कुछ न कुछ जरुर होता है।

# डीडीसी ने किया प्रखंड कार्यालयों का औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने बुधवार को मरकच्चो प्रखंड परिसर में झारखंड अनावद्ध योजना अंतर्गत करोड़ो के लागत से बने बीडीओ, सीओ व तृतीय कर्मचारी के आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ त्रुटियों को सुधार करने का दिशा निर्देश दिया, साथ ही प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैशबुक, उपस्थिति पंजी व मनरेगा योजना से संबंधित कई अभिलेखों की जांच की व कई आवश्यक



दिशा-निर्देश दिये। कार्यालय निरीक्षण के बाद डीडीसी मरकच्चो ब्लॉक व बाजार पर जिला परिषद मद से बने भवन को भी देखा व बेहतर ढंग से रख रखाव व बकाया किराया को अविलंब देने की बात कही तथा भवन के समाने अतिक्रमण हटाने की बात की। उसके बाद जिला बोर्ड के डाकबंगला पहुंचे व बीडीओ से उसके रख रखाव की जानकारी लेते हुए उन्होंने डाकबंगला को उपयोग में लाने के लिए जनता की सुविधा को देखते हुए एक मैरेज हॉल व सामने दुकान बनाने की बात कही। वहीं डीडीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो भवन का भी औचक निरीक्षण किया व कई दिशा निर्देश दिए एवं 100 बेड के बनने वाले स्वास्थ्य भवन का 16 फरवरी को कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के द्वारा होने वाले शिलान्यास का भी जायजा लिया। वहीं आदर्श ग्राम पंचायत चोपनाडीह में मनरेगा के तहत बने बागवानी एवं डोभा का निरक्षण किये, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जगदीशपुर में विद्यार्थियों से अपडेट हुवे जहां साइंस टीचर की कमी विद्यार्थियों ने बताया, मध्याहन भोजन के स्टॉक का भी जायजा लिया। जामु में प्रधानमंत्री आवास का निरक्षण किये तथा मूर्कमनाय पंचायत भवन, परियोजना उच्च विद्यालय देवीपुर पहुचे व कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर धरना प्रदर्शन कर रहे एनएचएम, एएनएम, जीएनएम एवं अनुबंधित पारा चिकित्सक कर्मी ने अपनी मांगों को लेकर एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन डीडीसी को सौंपा। निरीक्षण के दौरान बीडीओ पप्पू रजक, सीओ रामसुमन प्रसाद, सीडीपीओ गिरेन्द्र टूडी, मुखिया रंजीत सिंह, बीपीओ राकेश रंजन, जेई जागेश्वर उरांव आदि मौजूद थे।

# दवाओं को गड्ढे में फेंकने पर प्रमुख ने जतायी नाराजगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी में एक्सपायरी दवाइयों को गड्ढे में फेंकने पर प्रखंड प्रमुख प्रिया कुमारी ने गहरी नाराजगी जताई है। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार भी लगाई। साथ ही एक्सपायरी दवाइयों को गड्ढे में फेंकने पर सवाल भी उठाया। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि स्थानीय लोगों से उन्हें जानकारी प्राप्त हुई कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक्सपायरी दवाइयों को गड्ढा खोदकर मिट्टी से दबाया जा रहा है। मामले की तहकीकात करने प्रखंड प्रमुख जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो उस वक्त जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर एक्सपायरी दवाइयों को मिट्टी से दबाया जा रहा था। प्रखंड प्रमुख का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगियों को पर्याप्त दवाएं नहीं दी जाती है। जब दवाइयां एक्सपायरी हो जाती है तो उसे मिट्टी में दबा कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। दूसरी ओर स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि एक्सपायरी हुई दवाइयों को मिट्टी के अंदर दबाने का आदेश वरीय अधिकारियों के द्वारा दिया गया है।

# चार दर्जन से अधिक लोग झामुमो में शामिल



पार्टी में शामिल हुए लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड के अरंगी पंचायत के 40 से अधिक महिला-पुरूष झाररखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने माला पहनाकर एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल करते हुए स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से राजेन्द्र प्रसाद, गोपाल प्रसाद यादव, बंशी चौधरी, झिमल पासवान, रामराज राम, योगेन्द्र यादव, अनूप कुमार, रमपतिया कुंअर, पिंकी देवी, सविता देवी, सहोदरी देवी, सीता देवी, सरिता देवी, प्रभा देवी, शारदा देवी, कौशल्या देवी, मीना देवी सहित 40 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पूरे राज्य में हेमंत सरकार के कार्यकलापों से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। गढ़वा जिला में लगातार दूसरे दलों को छोड़कर कई दिग्गज नेता, कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की है। यह सिलसिला इस बात का संकेत है कि हेमंत सरकार राज्यहित एवं जनहित में बेहतर कार्य कर रही है।

# हर खेत को मिलेगा पानी, किसानों की समस्या होगी दूर : मिथिलेश

### मंत्री ने किया पौने चार करोड़ की नौ सिंचाई योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर बुधवार को गढ़वा स्थित अपने आवास पर लघु सिंचाई प्रमंडल गढ़वा की नौ चेक डैम का शिलान्यास किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। जिले के मेराल एवं रंका प्रखंड में तीन-तीन, गढ़वा में दो तथा चिनियां प्रखंड में एक चेक डैम का निर्माण तीन करोड़, 77 लाख, 19 हजार 300 रूपये की लागत से किया जाएगा। शिलान्यास किये गये योजनाओं में मेराल प्रखंड के रजहरा में पथलाही नाला पर चेक डैम का निर्माण, सोहबरिया में चमबोथवा नाला पर, पतरिहा में धोरहा नाला पर, रंका



प्रखंड के सेमरखांड़ में भीतियाही नाला पर, गासेदाग में सलई नाला पर, कटरा में हरैया नाला पर, गढ़वा प्रखंड के कोरटा में अद्रा नाला पर, कल्याणपुर में बलहा नाला पर तथा चिनियां प्रखंड के लोहार टोली खुरी में टाना नाला पर चेक डैम का निर्माण कार्य शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में सड़क, बिजली, पेयजल, चिकित्सा एवं शिक्षा के साथ-साथ हर खेत को पानी उपलब कराया जाएगा। किसानों की सिंचाई से संबंधित एवं अन्य समस्याएं दूर की जाएगी। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला कम बारिश का क्षेत्र है। यहां किसानों को खेती के लिए सिंचाई की काफी समस्या होती है, इसलिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-छोटे नदी, नालों को बांधकर चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि किसानों को सिंचाई की व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि चेक डैम के निर्माण से सिंचाई सुविधा के साथ-साथ जल स्तर को बनाये रखने में भी काफी सहायता होगी। इन चेक डैम के निर्माण से काफी संख्या में किसान लाभान्वित होंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र में सिंचाई बहुत बड़ी समस्या है जिससे किसान अच्छे ढंग से खेती नहीं कर पाते हैं। अगले चरण में जिले के अन्य नदी नालों में विभिन्न स्थानों पर चेक डैम का निर्माण कराने की योजना है। जिससे अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। मंत्री ने मौके पर मौजूद सभी संवेदकों को हर हाल में बरसात से पूर्व गुणवतायुक्त कार्य पूर्ण करने की बात कही है। मंत्री ने कहा कि कार्य की गुणवता में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषि ही देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। फिर भी आज तक गढ़वा-पलामू में किसानों के लिए समुचित सिंचाई की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। परंतु झारखंड की हेमंत सरकार हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। यह सरकार किसानों की आय बढ़ाने एवं कृषि के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित हैं। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार ने बेतुका योजना डोभा पर करोड़ो रूपये खर्च किये जिसका कहीं कोई परिणाम नहीं निकला। आज पूरे राज्य में डोभा का कहीं नामो निशान तक नहीं है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, संजय चाधैरी, दिलीप गुप्ता, नंदकिशोर ठाकुर, दिलीप यादव, राजेश तिवारी, प्रवीण तिवारी, हिमांशु सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जोनल कमेटी का पहला सम्मेलन आयोजित

**टंडवा (चतरा)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन(एटक) के जोनल कमिटी का प्रथम सम्मेलन बुधवार को मगध कोल परियोजना के पीओ कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीता सोरेन उपस्थित हुई। कार्यक्रम में कोल परियोजना से जुड़े कार्यरत मजदूरों, कामगारों एवं विस्थापित रैयतों की हित में विशेष प्रकाश डाला गया। कहा गया कि खनिज संपदा से भरे हमारी मिट्टी से कोयला उत्खनन कर देश की विकास किया जा रहा है, तो जाहिर सी बात है कि यहां के कामगारों एवं विस्थापितों की विकास करना पहली प्राथमिकता बनती है। इन तमाम समस्याओं की समाधान सीसीएल प्रबंधक अतिशीघ्र करने की अपील। इस मौके पर एटक के बिनोद बिहारी पासवान, नरेश मण्डल, विकास कुमार, समाजसेवी सुभान मियां, सन्तोष नायक समेत अन्य मौजूद थें।

### प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**चतरा।** आगामी 19, 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित होनेवाले राजकीय ईटखोरी महोत्सव के वृहद प्रचार-प्रसार को लेकर जिला जन सम्पर्क कार्यालय द्वारा बनाये गये दो चलंत रथ को समाहरणालय परिसर से मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया। यह चंलत रथ जिले के सभी प्रखण्ड अन्तर्गत आने वाले पंचायतों, हाट बजारों, शहरी क्षेत्रों में घुम घुमकर महोत्सव का प्रचार-प्रसार करेगी। उक्त मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी समेत सभी संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रेम प्रसंग में हुई झड़प में घायल युवक की मौत

**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत कटिया गांव में प्रेम-प्रसंग को लेकर हुए झड़प में गंभीर रुप से घायल सुभाष कुमार की मौत हो गई। जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों नें बताया कि गांव के ही एक युवक और युवती घर से भाग गए थे। जिन्हें लड़की के परिजनों के द्वारा खोज कर वापस लाकर लड़के के साथ मारपीट करने लगे, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जिसे देखकर सुभाष छुड़ाने पहुंचा तो लोग उसके ऊपर ही टूट पड़े और बेरहमी से पिटाई कर दी और सुभाष घायल होकर गिर पड़ा। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो आक्रमणकारी भाग खड़े हुए। इसके बाद पुलिस नें दोनों युवकों को थाना लाकर एंजूरी काटकर इलाज के लिए सिमरिया भेज दिया। वहीं गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया और स्थिति को बिगड़ते देखकर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां सोमवार की रात सुभाष की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि कटिया निवासी सूरजदेव भारती, बिजय भारती, सुनील भुइयां, लमटा पंचायत के जितन भुइयां, चतरा थाना क्षेत्र के टीकर गांव निवासी गोलू भुइयां, केदार भुइयां एवं चुकू गांव निवासी योगेश भुइयां के द्वारा सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया गया है।

### युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**चतरा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में हरलाल तालाब के पास एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक युवक की पहचान प्रकाश यादव दिभा मोहल्ला निवासी कुंजल यादव के पुत्र के रूप में हुई है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की गला दबाकर हत्या की गई है। जिसके बाद शव को तालाब के पास फेंक दिया गया है। हत्या के पीछे उसके कुछ खास दोस्तों की भूमिका संदिग्ध बतायी जा रही है। युवक जमीन खरीद फरोख्त के साथ साथ कई और भी धंधा करता था। जिसे अभी दो-तीन दिन पूर्व ही उसके एक खास दोस्त ने हत्या करने की धमकी दी थी। परंतु धमकी को प्रकाश ने हल्के में लिया और उसकी जान चली गई। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर आगे की जांच में जुटी हुई है।

### अखिल भारतीय भुईयां समाज की बैठक

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के महावीर मंदिर परिसर में बुधवार को अखिल भारतीय भुईया कल्याण समिति की बैठक इंद्रदेव भारती की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी गांव के महिला व पुरुष शामिल हुवे। इंद्रदेव भारती ने बताया कि शबरी जयंती को सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर समाज की बैठक की गई। ताकि गाजे-बाजे के साथ 26 फरवरी को शबरी जयंती धूमधाम से मनाया जा सका। उन्होंने कहा कि बैठक में पूजा को लेकर कलश यात्रा, प्रसाद सह महा भंडारण व सांस्कृति कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है। वहीं समाज का उत्थान को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजय भारती, सविच लालमोहन भारती, कोषाध्यक्ष बसंत भारती मीडिया प्रभारी अजित भारती, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, युवा प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र भारती, उप मुखिया अमलेश भारती, अजय भारती समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कर्मियों के बीच किया नियुक्ति पत्र का वितरण

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में समाहरणालय सवंर्ग के कुल 08 कर्मियों, वन विभाग से 04 कर्मियों एवं शिक्षा विभाग से 03 कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति चतरा में कुल 21 कर्मियों को अनुबंध आधारित नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति चतरा में कुल 21 कर्मियों को अनुबंध आधारित नियुक्ति पत्र दिया गया। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि समेत जिले के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**मेराल।** थाना मुख्यालय के नेनुआ मोड़ पर स्थानीय सनराइज फैंस क्लब के तत्वावधान में पुलवामा में शहीद हुए 40 सैनिकों को मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दो मिनट का मौन रख कर शहीदों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को पाकिस्तान परस्त आतंकियों के हमले में देश के 40 सैनिक शहीद हो गए थे। देश की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले जवानों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन तथा इस दिन को ब्लैक डे के रूप में मनाने के लिए सनराइज फैंस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के हौसला को बढ़ाते हुए धन्यवाद दिया।

### छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कोडरमा न्यायालय परिसर का शैक्षणिक परिभ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने प्रधान जिला सत्र न्यायालय, सिविल कोर्ट, फैमिली कोर्ट, जुडिशल मजिस्ट्रेट कोर्ट, मध्यस्थता केंद्र, एडीजे टू का कोर्ट, एससीएसटी, पॉक्सो, चिल्ड्रन कोर्ट, बाल संरक्षण कोर्ट आदि की कार्यवाही को बाहर से देखा। वहीं प्रधान जिला जज वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया ने क्लैट से संबंधित छात्रों का मार्गदर्शन किया।

### सैनिक स्कूल के 333 सैन्य छात्रों को राष्ट्रीय रक्षा एकेडमी में प्रवेश दिलाने का गौरव हुआ प्राप्त

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल सामाजिक, राष्ट्रीय उत्तरदायित्व व कर्तव्य निष्ठा जगाने वाले शैक्षणिक केंद्रों में अग्रणी स्थान रखता है। हाल के दिनों में रक्षा मंत्रालय की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 के बाद से अब तक केवल सैनिक स्कूल के 333 सैन्य छात्रों को राष्ट्रीय रक्षा एकेडमी में प्रवेश दिलाने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह बातें रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने सैनिक स्कूल प्राचार्य कांफ्रेंस के दौरान अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष पहलेघ सैनिक स्कूल चिग्चिप मिजोरम में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सैन्य छात्राओं का नामांकन शुरू किया गया था, जो अब नियमित और सुव्यवस्थित आकार ले चुका है।

## स्पीड न्यूज

### वन शक्ति मंदिर में भंडारा आज

**लातेहार।** मां चिन्तपूर्णी इंटरप्राइजेज लातेहार के सौजन्य से सातवां वार्षिक उत्सव में विशाल भंडारा का आयोजन बृहस्पतिवार को मां वन शक्ति मंदिर रूद्र मूर्तियां चंदवा के प्रांगण में किया जाएगा। जिसका शुभारंभ विधायक बैद्यनाथ राम के द्वारा किया जाएगा। जिसमें मां चिन्तपूर्णी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर लक्ष्मी प्रसाद एवं सुरेंद्र प्रसाद सिंह मनीष दास राजू यादव लक्ष्मण प्रसाद बिट्टू दास समेत कई लोग उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुये आयोजकों ने बताया कि विशाल भंडारा की शुरूआत दोपहर 12 बजे से होगी जो संध्या 5 बजे तक चलेगी, साथ हीं आयोजकों ने धर्मप्रमियों व श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी की है।

### युवती से दुष्कर्म मामले में आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, जेल


गिरफ्तार आरोपी।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंनज को मिली गुप्त सुचना के आधार पर पुनि थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने छापामारी अभियान चलाकर दुष्कर्म के आरोपी बबलू कुमार उर्फ अमरेश पिता महेश महतो को (ललगड़ा तरहसी) से गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया। पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि चंदवा की एक युवती ने गिरफ्तार युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 28/23 में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है।

### भारी वाहनो का चला जांच अभियान

**चंदवा।** जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला मोटर यान निरीक्षक सुनिल कुमार की अगुवाई में परिवहन विभाग की टीम के द्वारा भारी वाहनो का जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम के द्वारा दर्जनो भारी वाहनो की जांच की गयी, जांच के क्रम में 9 वाहनों का चालान काटा गया। इनसे 25000 नगद एवं 45000 ऑनलाइन चालान काटे गए। कुल 68000 रूपये राजस्व की वसूली की गई। उन्होंने सभी वाहन चालकों से वाहन संबंधी कागजात अद्यतन कर चलने की बात कही। मौके पर अम झरिया पुलिस पिकेट के जवान भी मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि को लेकर फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च में शामिल प्रशासनिक पदाधिकारी

**चंदवा।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार आगामी महाशिवरात्रि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर चंदवा पुलिस प्रशासन के द्वारा बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की अगुवाई पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व बीडीओ सह सीओ विजय कुमार कर रहे थे। चंदवा थाना परिसर से शुरू हुई फ्लैग मार्च गैरेज लेन, मुख्य बाजार, सुभाष चौक, कंचन नगरी, तिलैयाटांड होते पुनः थाना पहुंचकर सम्पन्न हो गयी। इसके अलावे सासंग व चकला बाजार में भी फ्लैग मार्च निकाला गया। इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता व बीडीओ विजय कुमार ने लोगो से शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की व सोशल मीडिया पर आने वाले भ्रामक व भेदभाव फैलाने वाले संदेशों को साझा करने से बचने की बात कही। फ्लैग मार्च में चंदवा थाना के अधिकारी व जवान शामिल थे।

### एथलेटिक कोच के अंतिम संस्कार में पहुंचे जिला खेल पदाधिकारी


मृतक के परिजनो से मिलते जिला खेल पदाधिकारी।

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरीटांड पुलिया के पास गिरने से हुई एथलेटिक कोच की संदेहास्पद मौत की खबर पाकर जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह बुधवार को चंदवा पहुँच उनके परिजनों से मिले। घटना के संबंध में जानकारी ली और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शिवेंद्र सिंह ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बांधते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मृतक आनंद प्रकाश कुजूर (लाइन होटल चंदवा) का रहने वाला था। वो वर्तमान समय मे गुमला जिले का एथलेटिक कोच था। मृतक की पत्नी ग्रेस मंजू लकड़ा ने बताया था कि वो टहलने कहकर घर से निकले थे।

### इएसपी सेंटर का हुआ उद्घाटन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल परिसर में तेजस्विनी परियोजना द्वारा ईएसपी सेंटर का उद्घाटन बालूमाथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रेमलता कुमारी, मुखिया नरेश लोहरा समाजसेवी सुरेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और मां सरस्वती के समक्ष नारियल फोड़कर किया। मौके पर संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रेमलता कुमारी ने कहा कि इस सेंटर के माध्यम से 18 से 24 वर्ष तक की पढ़ाई छोड़ चुकी किशोरी और युवतियां को आठवीं से मैट्रिक तक की शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने इस सेंटर से सभी प्रशिक्षुओं को तन मन से भाग लेने का अपील किया। वहीं मौके पर ईएसपी सेंटर की जोनल टू प्रमुख जगदीश ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और युवतियों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना है। जिसके तहत उनके लिए शिक्षा बहुत ही जरूरी है। इसलिए इस सेंटर के माध्यम से पढ़ाई छोड़ चुकी किशोरी और युवतियों को शिक्षा दी जाएगी। जिसके लिए विषयवार शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। मौके पर बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका कामिनी कुमारी, विमला कुमारी, अनिता कुमारी प्रधान सहायक गोपाल चौधरी, समाजसेवी वीरेंद्र गुप्ता तेजस्विनी परियोजना से जुड़े लक्ष्मण कुमार, बीपीएम आलोक कुमार मधुर कुमार, परियोजना की कलसटर समन्वयक सुनैना कुमारी, अश्विनी कुमारी, रेखा कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कृषि विपणन शुल्क 2 प्रतिशत लगाये जाने के विरोध में चंदवा में बंद रहा गल्ला व्यवसाय

# खाद्य सामग्री और सब्जी खरीदने को लोग रहे परेशान

- व्यवसायियों ने राज्य सरकार से की तत्काल विधेयक वापस लेने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विरोध में मौन जुलूस निकालते व्यवसायी।

**चंदवा।** झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा में कृषि पशु धन विपणन शुल्क 2 प्रतिशत लागू करने का विधेयक पारित किए जाने के विरोध में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर व्यवसायिक संघ चंदवा के नेतृत्व में बुधवार से गल्ला व्यवसायियों ने अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों को अनिश्चितकालीन बंद कर दिया। बुधवार की सुबह से ही प्रायः राशन दुकान, गल्ला खरीद-बिक्री आढ़त, सब्जी दुकान बंद रहे। व्यवसाई अपने-अपने दुकानों को स्वतः बंद कर विरोध जताया। व्यवसायियों के अनुरोध पर चंदवा के दुबे जी के गोला स्थित स्मार्ट पॉइंट प्रतिष्ठान भी बंद रहा। बुधवार को सब्जी व गल्ला व्यापारियों से गुलजार रहने वाला बुध बाजार भी स्वतः बंद रहा व बाजार में मातमी सन्नाटा देखने को मिला। व्यवसायी व छोटे दुकानदार सरकार के इस निर्णय के प्रति खासे नाराज देखे गए। व्यवसायियों ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा कृषि पशुधन विपणन शुल्क 2 प्रतिशत लागू करने का विधेयक पारित किया गया है, जिसे 1 अप्रैल से प्रभावी करने की मंशा सरकार की है। सरकार के द्वारा पारित किया गया यह विधेयक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा व इंस्पेक्टर राज कायम हो जाएगा। इस विधेयक में व्यवसायियों के लिए जटिल प्रावधान लाए गए हैं, जिसे पूरा कर पाना असंभव है। व्यवसायियों ने कहा कि जब तक सरकार इस विधेयक को वापस नहीं ले लेती विरोध जारी रहेगा। इधर देर शाम व्यवसायियों के द्वारा सुभाष चौक से लेकर इंदिरा चौक तक मौन जूलूस निकाला। जूलूस में दर्जनो की संख्या में व्यवसायी शामिल थे।


बुधबाजार में बंद दुकानें व पसरा सन्नाटा।

### बाजार बंद रहने से हुई मुश्किल

इधर व्यवसायियों द्वारा आहूत बंदी के कारण आमजन काफी परेशान देखे गए। प्रखंड के दूरदराज के ग्रामीण इलाकों से आये आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। लोग दैनिक उपयोग की सामग्री व सब्जी की भी खरीदारी नहीं कर पाए।

### कृषि उपज और पशुधन विपणन शुल्क 2% लगाये जाने के विरोध में बालूमाथ की दुकानें बंद


दुकान बंद कर विरोध करते व्यवसायी।

**बालूमाथ।** झारखंड सरकार द्वारा कृषि उपज और पशुधन विपणन शुल्क दो प्रतिशत लागू करने का विधेयक विधानसभा में पारित किए जाने के बाद व्यावसायियों द्वारा विरोध आरंभ कर दिया गया हैं। व्यवसायियों ने इसे काला कानून बताया है। जिसे लेकर बुधवार को झारखंड चेंबर आफ कामर्स और व्यवसाई संघ के आह्वान पर बालूमाथ के व्यवसाईयों ने अपनी दुकानों को बंद रखा। बंद के कारण बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित किराना, आढ़त की दुकानें बंद है। जिस कारण खरीदारी करने वाले ग्राहकों को काफी परेशानी होती दिखी। वही सामग्री खरीदने के लिए इधर-उधर चक्कर लगाते दिख रहे हैं। इस संबंध में बालूमाथ के व्यवसाईयों ने बताया कि 2% कर लगाए जाने से महंगाई बढ़ेगी और भ्रष्टाचार का बोलबाला और बढ़ जाएगा। ऐसी स्थिति में झारखंड सरकार को इस तरह के कानून को लागू नहीं करने की भी अपील की गई। वही बंद की सफलता को लेकर बालूमाथ में व्यवसाई संघ के बैनर तले दुकानदारों की बैठक हुई। जिसमें व्यवसाईयो ने कहा कि जब तक राज्य सरकार द्वारा 2% कर लागू को हटाया नहीं जाता तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रखा जाएगा।

# 2 प्रतिशत कृषि विपणन शुल्क लगाये जाने के विरोध में बंद रही कृषि व खाद्यान्न दुकानें

**खबर मन्त्र संवाददाता**


विरोध करते व्यवसायी।

**लातेहार।** झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 के विरोध में लातेहार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने 15 फरवरी को जिले के कृषि एवं खाद्यान्न दुकानें बंद रही। व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी दुकान व प्रतिष्ठानों को 15 फरवरी को बंद रखा। लातेहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल की अगुवाई में व्यवसायी सड़क पर उतरे और दुकानों को बंद करने की अपील की। झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यवसायियों ने इस दौरान झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कृषि बिल को वापस लेने की मांग की। व्यवसायियों ने शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र के अलावा लातेहार शहर की सड़कों पर पैदल मार्च किया। मौके पर उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रसाद शौंडिक, विनोद कुमार महलका, प्रमोद प्रसाद साहु, राजबलम प्रसाद, अग्रवाल, निर्दोष प्रसाद गुप्ता, उज्जवल साहु, अनिल प्रसाद, आशीष प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, अनूप प्रसाद, संजय प्रसाद व राजन प्रसाद आदि उपिस्थत थे। बता दें कि इससे पहले 14 फरवरी की देर शाम भी लातेहार व्यवसायियों ने शहर में पैदल मार्च निकाला और कृषि व खाद्यान्न व्यापारियों से अपनी प्रतिष्ठानें बंद रखने की अपील की।

## एक नजर में

### पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च करते प्रशासनिक पदाधिकारी।

**बरवाडीह।** महाशिवरात्रि की शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव और पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के संयुक्त निर्देश पर बुधवार को प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा प्रखंड के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकालकर शांति व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। प्रखंड प्रशासन की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने थाना क्षेत्र के बेतला, पोखरीकला, सरईडीह, बरवाडीह समेत अन्य इलाकों में फ्लैग मार्च करते हुए शांति व्यवस्था का जायजा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सभी पूजा स्थानों में तैयारियां चल रही हैं, और यह पर्व शांतिपूर्ण मनाया जा सके इसमें सभी लोगों को सहयोग करने की जरूरत है। वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि शिवरात्रि महापर्व में किसी भी तरह की शांति व्यवस्था भंग करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी साथ ही साथ ऐसे लोगों को चिन्हित करने में लोग प्रशासन का सहयोग भी करें।

### अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर जब्त

- कई दशकों से बंद पड़े सिंधोर्वा कोलियरी से अवैध खनन की मिल थी सूचना
- अवैध कारोबारियों को दबोचने के लिए प्रशासन कर रही है छापामारी : श्रीनिवास सिंह

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के छेचा पंचायत अंतर्गत कोयल नदी के तट से सटे सिंधोरवा में अवैध कोयले के उत्खनन की सूचना बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह को मिलने के बाद मंगलवार की देर शाम जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस टीम के द्वारा सिंधोरवा और पुटुआगढ़ के जंगल से एक ट्रैक्टर को जप्त करने की कार्रवाई की गई है। जहां ट्रैक्टर में भारी मात्रा में अवैध कोयला भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के द्वारा जप्त किए गए स्वराज कंपनी ट्रैक्टर में किसी भी नंबर के ना होने के कारण ट्रैक्टर मालिक की पहचान नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि जिला उपायुक्त और पुलिस कप्तान महोदय के द्वारा जिले में अवैध उत्खनन को रोकने को लेकर टास्क फोर्स बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को थाना क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन किए जाने की सुचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी करते हुए अवैध कोयले से लदा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना में लगा दिया गया है। वहीं इस घटना के बाद पूरे मामले में आगे की कार्रवाई जिला खनन विभाग के माध्यम से की जा रही है। कहा कि ट्रैक्टर मालिक की पहचान के लिए पुलिस का अनुसंधान जारी है।

### मेडिका की तरह एक और मामला सामने आया

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया मुराइन निवासी मुनेश गंझु ने लिखित आवेदन देकर मेडिका प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक से राशि वापस कराने की मांग की है।

**क्या है मामला:** गोनिया पंचायत के मुराइन निवासी मुनेश गंझू के पत्नी सोहरी देवी को प्रसव पीड़ा हुआ। सहिया के सहयोग से स्वास्थ्य उपकेंद्र गोनिया लाया गया। जहाँ एएनएम प्रेमलता कुमारी ने कमीशन की लोभ मे उसे उल्टा सीधा डराकर स्वास्थ्य उपकेंद्र से सटे मेडिका नर्सिंग होम मे भेज दिया। मेडिका नर्सिंग होम में बिना अनुमति के मेरी पत्नी सोहरी देवी का ऑपरेशन कर प्रसव करा तीस हजार रुपये से भी अधिक लेने की बात लिखित आवेदन देकर सीएचसी प्रभारी सुरेश राम से शिकायत किया है। जहां आवेदन मे बताया की ऑपरेशन के बदले मेडिका नर्सिंग होम द्वारा बतीस हजार रुपये ले लिया। सोहरी देवी की पति मुनेश गंझू ने सम्बंधित विभाग के अधिकारी से राशि वापस कराने की गुहार लगाया है। परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के संदर्भ में सीएचसी प्रभारी डॉ सुरेश राम ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। अभी नर्स हड़ताल में है। कार्य मे नर्स की वापसी होते ही जांच टीम बनाकर कर दोषियों पर कारवाई की जाएगी। ज्ञात हो की सीएचसी प्रभारी द्वारा सरकारी स्वास्थ्य केंद्र या उपकेंद्र मे सभी मरीजों को सेवा देने के लिए प्रयासरत हैं।

## प्राथमिक शिक्षा की नींव मजबूत करना एफएलएन का उद्देश्य : कन्हाई राम

# शिक्षक बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर मजबूत करने का करेंगे काम

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित शिक्षकगण।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड संसाधन केंद्र में प्राथमिक शिक्षा की नींव को मजबूत बनाने के लिए एफएलएन प्रशिक्षण के जरिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का काम किया जा रहा है। प्रशिक्षण लेने वाले सभी शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने-अपने विद्यालयों में कर बच्चों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ कोरोना में हुए लर्निंग गैप को भरने का काम आसानी से कर सकेंगे। उक्त बातें शिक्षकों को तीसरे चरण में प्रशिक्षण दे रहे राजधानी रांची से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर कन्हाई राम ने कहीं। बता दें कि एफएलएन प्रशिक्षण के पहले चरण में चालीस शिक्षकों को एक बेच में प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिसके उपरांत दूसरे और तीसरे चरण में दो-दो बेच में चालीस- चालीस शिक्षकों के समूह को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां मास्टर ट्रेनर कन्हाई राम ने तीसरे चरण के प्रशिक्षण में शिक्षकों से कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चों को मजबूत करना विभाग का प्रमुख लक्ष्य है। इसीलिए प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन अवधारणा के विषय बिंदुओं के प्रति शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपनी कक्षा में कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएंगे और बच्चों को बुनियादी रूप से प्रारंभिक स्तर पर मजबूत करने का काम करेंगे। वहीं इस दौरान मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार यादव और विनोद कुमार के साथ-साथ प्रशिक्षण लेने वाले में शिक्षक ननदेव राम, विनोद कुमार, कल्याणी वर्मा, अरुण कुमार, दीपक कुमार, देवेंद्र कुमार, सियाराम, सूफियानी कुजूर, प्रभा किरण तिग्गा, सुरेंद्र सिंह, ललन किशोर सिंह, प्रमोद यादव, सुषमा खलको और अखिलेश्वर प्रजापति सहित कई शिक्षक शामिल थे।

### राजद ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन



**लातेहार।** राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव के नेतृत्व में राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम के तहत लातेहार पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलकात कर लातेहार जिले में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण समेत कई मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि झारखण्ड के ओबीसी परिवार को 27 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा एवं कैबीनेट के बैठक में पारित हो चुका है। जिससे लातेहार जिला मेसो क्षेत्र होने के कारण ओबीसी का आरक्षण शून्य है। तकनीकि मामलों को सुधार कर लातेहार जिला के के ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का निवेदन करती है। इसके अलावे लातेहार जिला में भूति संबंधी त्रुटियों में सुधार की मांग की है। पत्र में राजद के द्वारा कहा गया है कि नया एवं पुराना खतियान में त्रुटी दूर करते हुए सरल और सुगम करने हेतु पूर्व में भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राजद मांग पत्र देकर आग्रह किया था। हिन्डालको कंम्पनी के द्वारा लातेहार जिला में अल्युमिनियम प्लॉट लगाने के लिए कंम्पनी को निर्देशित कर राजगार का अवसर प्रदान करने की मांग की है। राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि लातेहार जिले में ओबीसी जाति की जनसंख्या सबसे अधिक है, बावजूद इसके जिले में ओबीसी जाति के युवा आरक्षण के लाभ से वंचित हैं, जिले में ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण हक है वह मिलना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के मौके पर राजद नेता लक्ष्सण यादव, मोहर सिंह याद, नेजाम अंसारी, अजीत श्रीवास्वत, तपवन यादव, रंजीत यादव व अन्य शामिल थे।

# सड़क कालीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों न सीएम को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

चंदवा। खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम के तहत लातेहार पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चंदवा प्रखंड के अलौदिया पंचायत के ग्रामीणों ने मुलाकात किया। इस दौरान ग्रामीणों ने एनएच-75 से अम्बा खोलका-कईलाखांड-जरमा-सरलाही होते अलौदिया एनएच-99 तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2004 में उक्त ग्रामीण मार्ग पर लगभग 9 किमी ग्रेड-1 सड़क निर्माण हुआ था, इसके बाद से अब तक कोई कार्य नहीं हुआ, जिस कारण उक्त मार्ग की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। सड़क में कई स्थानो पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है और कई बार बीमार लोग अस्पताल भी नहीं पहुंच पाते हैं। पढ़ाई करने वाले बच्चे व ग्रामीणों को भी आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री से उक्त मार्ग पर कालीकरण सड़क निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीण कहा कि उक्त सड़क निर्माण होने के बाद मार्ग को बाईपास के रूप में भी इस्तेमाल होगा व लातेहार की ओर जाने वाले लोगों को टोरी रेलवे फाटक के जाम से भी निजात मिलेगी। मांग करने वालो में राजेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया बाल किशोर लोहरा, रमेश सिंह, धनंजय सिंह, भुआ भुइयां, छोटू कुमार, शंकर ठाकुर, बसंती देवी, फुलमनिया देवी, फुलवा देवी, रतन तुरी समेत कई ग्रामीण शामिल हैं।

## खतियानी जोहार यात्रा में झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव का प्रयास रहा सराहनीय

# जनता हेमंत सरकार से काफी खुश है : लाल मोतीनाथ शाहदेव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव की कार्यकुशलता व सार्थक प्रयास से आहूत खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम सफल रूप से संपन्न हुआ। लाल मोतिनाथ शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा को जिस प्रकार आमलोगो का अपार जनसमर्थन बता रहा है कि राज्य की जनता हेमंत सरकार के कार्यकाल से काफी खुश है। लातेहार जिले में सीएम हेमंत सोरेन के इस यात्रा से विपक्ष धरासायी हो गयी है। बता दें कि जिलाध्यक्ष श्री शाहदेव खतियानी जोहार यात्राा कार्यक्रम को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी में जुटे हुए थे और लगातार जिले के सभी प्रखंडों के कार्यकताओं को दिशा निर्देश दे रहे थे। खुद भी सभी प्रखंडो में बैठक कर कार्यक्रम में जनभागीदारी को लेकर लेते हुए कार्यकताओं को मार्गदर्शन करने का काम कर रहे थे। स्थानीय नेताओं को इसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी।कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए लगातार कार्यकताओं के साथ बैठक कर रहे थे। वहीं कार्यक्रम को लेकर गांव-गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने में भी सराहनीय भूमिका रही। क्षेत्र के कार्यकताओं को लगातार दिशा निर्देश दे रहे थे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम स्थल तक लाया जा सके। सभा स्थल और सीएम की सुरक्षा को लेकर भी अधिकारियों से भी लगातार बातचीत कर रहे थे। इसका असर रहा कि कार्यक्रम के दौरान कई दलो के नेता व कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष लाल मोतिनाथ शाहदेव के नेतृत्व में झामुमो का दामन थामा जिससे कई पार्टियों को बड़ा झटका भी लगा है।



### पिछले कई दिनों से तैयारी में जुटे हुए थे शाहदेव

लाल मोती नाथ शाहदेव खतियानी जोहार यात्राा कार्यक्रम को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी में जुटे हुए थे और लगातार जिले के सभी प्रखंडों के कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दे रहे थे।

स्पीड न्यूज

## कुजू पुलिस ने अवैध स्टीम कोयला लदा 709 मिनी ट्रक किया जब्त

**कुजू।** गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के कोरियाघाटी जंगल के पास से कुजू पुलिस ने अवैध स्टीम कोयला लदा एक 709 मिनी ट्रक को जब्त किया। बाद में ट्रक व कोयला को जब्त करते हुए कुजू ओपी लाया गया। बताया जाता है कि कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दूबे को गुप्त सूचना मिली कि 709 मिनी ट्रक संख्या जेएच17बी-8511 पर अवैध स्टीम कोयला लादकर ले जाया जा रहा है। इस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए कोरियाघाटी के पास ट्रक को रोकने का प्रयास किया। इस पर चालक द्वारा ट्रक को तेज गति से भगाने लगा। साथ ही चलती ट्रक से चालक कुद गया। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने ट्रक से करीब 150 बोरा में अवैध स्टीम कोयला जब्त किया। मामले को लेकर पुलिस ने चालक व मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया है।

## कांड्रा प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**सरायकेला।** जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र में शेन इंटरनेशनल स्कूल के पास गोपीनाथपुर में विश्वनाथ इंटरप्राइजेज में बीती रात तकरीबन 2 बजे प्लास्टिक गोदाम में भयंकर आग लग गई। आग की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौते पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक इस आग में सब कुछ जलकर राख हो गया। कहा जा रहा है कि आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। हालांकि अभी तक ये पता नहीं चल पाया है कि आग कैसे लगी है।

## हरी झंडी दिखा शैक्षणिक भ्रमण टीम को किया रवाना

**दुमका।** एसपी कॉलेज के वनस्पति शास्त्र एवं जंतु विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि हेतु एक शैक्षणिक भ्रमण पर बुधवार को साहिबगंज के लिए रवाना हुए। संथाल परगना प्रमंडल के साहिबगंज स्थित मंडरो फॉसिल्स पार्क एवं म्यूजियम के भ्रमण किया। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं देकर विदा किया। कुलसचिव डॉ सिन्हा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह फॉसिल्स पार्क नहीं केवल पर्यटन के दृष्टिकोण से बल्कि ऐतिहासिक शिक्षण के दृष्टिकोण से भी भू-गर्भशास्त्रियों और छात्रों के लिए नई दिशा देने का काम कर रहा है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह में क्रिकेट टूनार्मेंट का किया आयोजन

**मसलिया।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आम लोगो को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से मसलिया पुलिस ने नायाब पहल की है। मसलिया थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा ने आए दिन सड़क हादसे से बचाव को लेकर अनोखी पहल करते लोगों में जागरूकता को लेकर प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन कराया। फाइनल मैच सिद्पहाडी फुटबॉल मैदान में ड्रीम इलेवन दुमका एवं छैलापाथर के बीच खेला गया। जिसमे ड्रीम इलेवन दुमका ने 53 रन से टूनार्मेंट का फाइनल मैच जीत लिया।

## आईएमए व झासा ने अपनी मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा।** राज्य इकाई आईएमए एवं झासा ने संयुक्त रूप से राज्य के सभी जिलों में संबंधित जिले के उपायुक्त, सीएस, सांसद एवं विधायक को अपनी छह सूत्री लंबित मांगो को ले कर राज्य के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। सरकार से आग्रह किया है आगामी बजट सत्र में इन मुद्दों को खास कर क्लीनिकल एस्टेब्लिसमेन्ट एक्ट और मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को पारित कर दें, क्योंकि ये दोनों एक्ट देश के अन्य राज्यो में संशोधित कर लागू किया जा चुका है, अगर आगामी बजट सत्र में हमारी सभी मांगो को पारित कर लागू किया जाय, अन्यथा राज्य कार्यकारिणी की बैठक में दोनो संगठनों द्वारा यह निर्णय लिया जा चुका है कि फिर संघ चरणबद्ध आंदोलन करने के लिये बाध्य होगी।

# पुलवामा शहीदों को मिशन बदलाव सदस्यों ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता


पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते मिशन बदलाव सदस्य

**गुमला।** मिशन बदलाव के महिला जिला सचिव सय्यदा खातुन के नेतृत्व में गुमला के शहीद टावर चौक पर पुलवामा शहीदों को कैंडल जला कर श्रद्धाजंलि दी गई। मौके पर सय्यदा खातुन ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ वाहन के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था। जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान चली गयी थी।

यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बताया कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है और इनके कायराना हरकत से पूरा देश में गुस्सा है। मिशन बदलाव संस्थापक सदस्य राजकुमार ने बताया कि हमारे देश के युवाओं में जोश एवं जुनून की कमी नहीं है। सभी युवा मिलकर आतंक को रोकने का महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं।

इस अवसर पर ज्योति ग्लोरिया कुजूर, सबीना खातून, बेगम खातून, अमित कुमार, राम लखन गोप, शहजाद आलम, अर्जुन कुमार, प्रभाकर, बेरोनिका बड़ा, शनि कुमार राम, हरेन्द्र कुमार व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## संत जोसेफ विद्यालय एवं सिदो-कान्हू स्कूल का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नशा परिवार, समाज और देश के लिए अभिशाप है। ऐसे में बच्चों में नशा की बढ़ती प्रवृत्ति पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने चिन्ता जताते हुए 'एक युद्ध नशे के विरूद्ध' का अभियान चलाया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश के आलोक में बुधवार को बाल कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त तत्वाधान में चेयरपर्सन डा अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में दुमका जिले में इस अभियान की शुरूआत दो निजी विद्यालयों के औचक निरीक्षण से की गयी। बाल कल्याण समिति के चेयरपर्सन डॉ अमरेंद्र कुमार, सदस्य डा राजकुमार उपाध्याय, कुमारी बिजय लक्ष्मी, नूतन बाला एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र की टीम ने दुमका के संत जोसेफ विद्यालय और सिदो-कान्हो हाई स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संत जोसेफ विद्यालय में 43 सीसीटीवी कैमरे चालु हालत में और पांच कैमरे बंद पाये गये। इसके अलावा स्कूल की चहारदीवारी एक जगह टूटी हुई पाई गयी। संत जोसेफ विद्यालय प्रबंधन को बंद पड़े सीसीटीवी कैमरा को चालु करवाकर और टूटे हुए चहारदीवारी को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। सिदो कान्हो हाई स्कूल में सभी 50 सीसीटीवी कैमरा चालु हालत में पाये गये पर इसके लिए एक ही मोनिटर का उपयोग किया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन को सीसीटीवी कैमरा के लिए एक और मॉनिटर लगाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने सिदो कान्हों स्कूल के छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की। चेयरपर्सन डॉ अमरेंद्र कुमार ने बताया कि देश में 10 से 17 वर्ष के 40 लाख बच्चे नशे के गिरफ्त में हैं। पारंपरिक नशा के अलावा बच्चे डेनड्राइट, व्हाईट्नर, थिनर, आयोडेक्स, कफ सीरप, एविल, फोर्टविन, फेनार्गन, कैटामिल जैसे वैकल्पिक नशा का भी सेवन कर रहे हैं।

## आकर्षण का केंद्र होगा यह ध्वज : नवीन जिंदल

**बासल (रामगढ़)।** फ्लैग फाउंडेशन अफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने जगन्नाथ पुरी नगर के प्रवेश द्वार बाटागांव छक में 108 फुट ऊंचा तिरंगा लगाया है। ओडिशा के राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने सोमवार को फ्लैग फाउंडेशन अफ इंडिया की उपाध्यक्ष शालू जिन्दल, ओडिशा के अनेक मंत्री, विधायक व अधिकारी के उपस्थिति में ध्वजारोहण कर धर्मनगरी पुरी को अनूठा उपहार दिया। मौके पर राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने नवीन जिन्दल की सराहना करते हुए कहा कि वे एक शहर, एक प्रदेश नहीं बल्कि पूरे विश्व के हैं। वे वशाल ध्वज की स्थापना कर देशवासियों के मन में राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना का संचार कर रहे हैं। नवीन जिन्दल ने कहा कि जाति, पंथ, राजनीतिक संबंधों से ऊपर उठकर तिरंगा हम सभी भारतीयों के स्वाभिमान का सर्वोच्च प्रतीक है। यह विशाल तिरंगा भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शनों को पुरी आये लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

## चाईबासा कोर्ट ने पांच हत्यारों को फांसी की सजा सुनायी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पोडोगेर गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की गला काट कर हत्या करने के मामले की बुधवार को चाईबासा कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट में सुनवाई करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय ने सामूहिक हत्या के पांच दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। साथ ही हत्यारों पर एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद चाईबासा कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। जानकारी के अनुसार पश्चिम सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र में आठ नवंबर 2021 की रात्रि को प्राथमिकी अभियुक्तों ने मिल कर बंदगांव थाना अन्तर्गत ग्राम पोडोगेंर के सलीम डहांगा, उसकी पत्नी बेलानी डहांगा और पुत्री राहिल डहांगा को उसके घर के आंगन में गला रेत कर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद साक्ष्य को छुपाने के लिए हत्यारों ने तीनों के शव को कारो नदी तट के किनारे बालू और मिट्टी के नीचे छुपा दिया था.पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर जांच की और आरोप पत्र कोर्ट को समर्पित किया: सामूहिक हत्या के मामले में अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस ने उक्त तीनों के शवों को बरामद किया और सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह कर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया था। जिसके आधार पर उक्त कांड का विचारण के क्रम में बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के न्यायालय में सत्रवाद संख्या- 229 / 2022 द्वारा धारा 302/201 /120 (बी) /34 भादवी के अंतर्गत प्राथमिकी अभियुक्त मरकस डहांगा, इलियास डहांगा, केम्बा डहांगा, दाउद डहांगा और इलियास डहांगा उर्फ बंका बाकु को फांसी की सजा सुनाई और एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है।

## एक नजर में

## पांच मार्च को आयोजित सामाजिक मिलन सह वनभोज के आयोजन पर चर्चा


बैठक में शामिल समाज के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** खरवार भोगता समाज विकास संघ गुमला की बैठक बुधवार को पालकोट रोड स्थित सिंह ढाबा के प्रशाल में हुआ। जिसमें सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र के दंतली डैम में 5 मार्च को होने वाले सामाजिक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम की अब तक हुई तैयारी की समीक्षा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की जाएगी। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अर्थ संग्रह पर बल दिया गया।

## दुमका जंगली हाथियों ने दुमका में डाला डेरा, वन विभाग की टीम ने दी हिदायत

**दुमका।** जंगली हाथियों का झूंड जिले के टोंगरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव के बगल गोड़माला से गोलपुर के बीच नदी किनारे जंगल में डेरा डाला। बच्चों के साथ 11 हाथी का झुंड़ जंगल मे डेरा डाले हुए हैं। आपको बता दें कि पिछले दो महीने से 30 हाथी का झुंड दुमका जिले में डेरा डाले हुए था। कुछ हाथी दूसरे इलाके में चले गए हैं। लेकिन 11 हाथियों का झुंड इस इलाके में डेरा डाले हुए हैं। जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। हालांकि वन विभाग की टीम हाथियों पर नजर बनाए हुए है और क्यूआरटी की विशेष टीम को तैनात कर रही है। हाथियों का झुंड तरणी पहाड़ से उतारकर देर रात गोड़माला गांव पहुंची है। हाथियों का झूंड किसानों के रवि फसल को नष्ट कर रही है। गांव के किसान अजीत मिर्धा के लगभग एक बिघा जमीन पर लगाये हुए आलू फसल को नष्ट कर दिया है। जंगली हाथियों का झुंड गांव पहुंचे तो आसपास गांवों के लोगों का नींद हराम कर दिया है।

## 42 जायरीनों का जत्था अजमेर शरीफ के लिए रवाना


अजमेर शरीफ जाने वाले लोगों के साथ नजारत उप समाहर्ता व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मुख्यमंत्री तीर्थस्थल दर्शन योजना के अंतर्गत बुधवार को गुमला परिसदन भवन से मुस्लिम समुदाय के 42 जायरीनों का जत्था ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफ जियारत के लिये रवाना हुआ। जिला प्रशासन की ओर से जिला नजारत पदाधिकारी गुमला और अंजुमन इस्लामिया गुमला के कार्यकारी सदर इरसाद खान ने झंडा दिखाकर जायरीनों को रवाना किया। अजमेर शरीफ तीर्थ स्थल का दर्शन कराने के लिये गुमला जिला प्रशासन की तरफ से नोडल ऑफिसर के रूप में इरफान अंसारी साथ जा रहे हैं। जत्थे में मो. मुमताज, मो. उमर, मो. जमील अख्तर, जलील अंसारी, मो. शमीम अंसारी, मो. उस्तार अंसारी सहित कई लोग के नाम शामिल है।

## मारपीट के आरोप में दो गए जेल

**दुमका।** नगर थाना पुलिस मारपीट के दो आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमन मरांडी एवं सचिन सोरेन है। जानकारी के अनुसार बाईक के आमने-सामने टकराने के बाद दोनों बाईक सवार में गाली-गलौज व मारपीट हो गया। मामला थाना पहुंचा। जिसके बाद पुलिस लिखित शिकायत पर दोनों नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 27 मुस्लिम धर्मावलंबी रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता


रवाना करते डीसी

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत बीपीएल श्रेणी के 27 मुस्लिम धर्मावलंबियों और एक नोडल अफसर को बुधवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन, रांची के लिए रवाना किया गया। सभी तीर्थयात्रियों को हटिया स्टेशन से विशेष टेंशन से अजमेरशरीफ, आगरा और फेतहपुर सिकरी की तीर्थ यात्रा पर ले जाया जाएगा। तीर्थयात्रियों का यह जत्था निर्धारित तीर्थस्थलों के दर्शन उपरांत 21 फरवरी को वापस हटिया स्टेशन पहुंचेगा। इस अवसर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत आज जिला के मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेरशरीफ, आगरा और फतेहपुर सिकरी की तीर्थ यात्रा पर भेजा जा रहा है। सभी की सकुशल यात्रा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये गये हैं। इससे पूर्व उपायुक्त ने सभी तीर्थयात्रियों को झारनेट वीसी रूम में संबोधित किया और उनके सकुशल यात्रा की कामना की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## दिए गए बयान निंदनीय: महासंघ

**दुमका।** शिक्षा की स्थिति और शिक्षा में निवेश पर प्रकाशित केंद्रीय वित्त सचिव के बयान को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने निंदा की है। अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित बयान को पूर्णतया गैर जिम्मेदाराना, अनुचित एवं संवेदनहीन मानसिकता के परिचायक बता सरकार से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। वे घोर आपत्तिजनक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विपरीत एवं जमीनी परिस्थितियों के परे है।

## चरित्र और पासपोर्ट सत्यापन संबंधित मामले को ससमय करे निष्पादन: एसपी

### क्राइम मीटिंग में एसपी ने दिए कई निर्देश


बैठक करते एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार की अध्यक्षता में बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अपराध गोष्ठी में एसपी आर रामकुमार ने सभी थाना प्रभारी को पुराने लम्बित कांडो को जल्द पूर्ण करने, लम्बित जमानतीय, गैरजमानतीय वारंट, कुर्की जब्ती, जांच प्रतिवेदन, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट इत्यादि का समीक्षा के साथ ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया।

एसपी ने शहर में शुरू हुए उर्स मेला में विधिव्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता के साथ विधिव्यवस्था बनाए रखने एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु सभी एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया गया। एसपी ने समय समय पर वाहन जांच अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

## कृषि शुल्क विधायक लागू करने का विरोध



बंद दुकानें

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** झारखंड में कृषि शुल्क विधायक प्रभावी करने के विरोध में चेंबर ऑफ कॉमर्स ,खद्यान व्यापारी संघ के आह्वान पर 15 फरवरी से अनिश्चितकालीन बंद के समर्थन में भंडरा एवं आसपास की किराना एवं खदान व्यापारी अनिश्चित काल के लिए आपने अपनी दुकान बंद कर दिए। दुकानों के बंद होने से लोगों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना खरीद कर खाने वाले लोगों को खास परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।15 फरवरी की सुबह से ही दुकान नहीं खोला गया। किराना एवं खदान के दुकानों के बंद रहने से लाखों रुपया का व्यापार प्रभावित हुआ। इस क्रम में थोक एवं खुदरा विक्रेता सभी दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। दुकानदारों का कहना है कि कृषि शुल्क विधेयक खदान एवं किराना दुकान के व्यापार में भारी प्रभाव डालने वाला है ।इसके लागू होने से व्यापारियों को हमेशा ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दुकानदार अफसरों के शिकार बनते रहेंगे ।ऐसी परिस्थिति में व्यापार चलाना मुश्किल होगा। इसीलिए इस विधेयक को लागू करने के विरोध में व्यापारी अपने-अपने दुकान बंद रखें।

## यक्ष्मा कर्मियों ने समायोजन की मांग को लेकर दिया धरना


धरना पर बैठे यक्ष्मा कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** राज्य यक्ष्मा कर्मचारी संघ के आह्वान पर गुमला जिला अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मी बुधवार को अपनी मांगों को लेकर यक्ष्मा कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुबंध यक्ष्मा कर्मचारी संघ के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रतिनिधि मोहम्मद एहसान ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के गठन के समय से ही राज्य में यक्ष्मा (टीवी ) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न 25 तरह के पदों पर कुल 585 यक्ष्माकर्मी कार्यरत हैं। लेकिन अभी तक सरकार इन अनुबंध कर्मियों का समायोजन के संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। जिस कारण हम सभी अनुबंध कर्मी मजबूरन भारी मन से आंदोलन जैसा कदम उठाने पर मजबूर है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरीय साथी अलेकिसयूस एक्का ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय यक्ष्मा टीवी उन्मूलन में झारखंड सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में जिला व राज्य के आरक्षण रोस्टर के अनुरूप विधिवत नियुक्तियां सक्षम चयन कमेटी के द्वारा जिला व राज्य स्तर पर विभिन्न 25 पदों में 585 नियुक्तियां की गई है। सरकार ने अनुबंध कर्मियों को समायोजन करने की घोषणा की थी जो अभी तक पूरा नहीं हुआ इसीलिए हम लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर का 22 वां वार्षिक उत्सव मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के गुदरी बाजार स्थित शोक विनाशक श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 22 वां वार्षिक उत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सुबह 9:00 बजे से दैनिक पूजन के साथ सुंदरकांड,महाआरती एवं दोपहर 1:00 से मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे के प्रसाद ग्रहण के लिए भक्तो की उमड़ी भीड़। वही रात्रि में 7:00 बजे आरती के पश्चात 51 केजी का केक काटा जाएगा। इस कार्यक्रम में तमाम सरना सनातनी बंधुओं से उपस्थित होकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की गई।

## आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का दुर्गेश प्रसाद साहू ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता


खिलाड़ियों के साथ अतिथि

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित खेल प्रांगण में पाँच दिवसीय स्वर्गीय नन्दलाल प्रसाद साहु मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजन किया गया। मौके पर खेल प्रतियोगिता के संरक्षक सह मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद तथा आयोजन कमिटी के अध्यक्ष जयनाथ साहु, नेसार अहमद तथा प्रखण्ड क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा स्व साहु के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। खेल प्रारम्भ करने से पहले राष्ट्रीय गान के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल आरम्भ कराया गया। आयोजित प्रतियोगिता में लोहरदगा व गुमला जिला क्षेत्र से 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद साहु ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा की खेल को खेल की भवना से खेलें और निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें खेल एकता और आपसी भाईचारा से रहने का सिख देता है। आज खेल के माध्यम से खिलाड़ी गण बुलंदियों को छू रहे हैं। टूनार्मेंट का पहला मैच सीएम घाघरा और एजे स्टाइल लोहरदगा के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी सूट आउट में एजे स्टाइल लोहरदगा की टीम ने सीएम घाघरा को 4-5 से हरा कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर मुख्य अतिथि सह संरक्षक दुर्गेश प्रसाद साहु, अध्यक्ष जयनाथ साहु के अलावे नेसार अहमद,अजय नाथ शाहदेव, शौकत अंसारी, आदरा उराँव, गौतम साहु, फिरोज अंसारी सहित प्रखंड व पंचायत के कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## चला वाहन जांच अभियान, दर्जनों वाहन जप्त

जयनगर (कोडरमा)। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार जयनगर थाना गेट के समीप बुधवार को इंस्पेक्टर अजय कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों वाहन जप्त किए गए। वाहन जांच के दौरान वैसे चालक जो बिना हेलमेट, बिना कागजात के चलने वाले दो पहिया वाहन को जप्त किया गया। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग व वाहन के सभी कागजात अपडेट रखें और अपने वाहन को तेज रफ्तार में ना चलाएं, जिससे खुद एवं दूसरे राहगीरों को दुर्घटना का शिकार होने से बचे और वाहन चेकिंग अभियान कर लोगों को जागरूक किया गया।